CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 325 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 20 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# महिला विकास के लिए प्रदेश सरकार का जोर, महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना विकास अधूरा : भजनलाल शर्मा

## धौलपुर के पचगांव में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी भी रही मौजूद, मुख्यमंत्री ने महिलाओं को कई तरह की सौगातें दी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को धौलपुर के पचगांव में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित किया उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना विकास अधूरा है और राजस्थान में पिछले 2 साल में महिलाओं के विकास और कल्याण के लिए कई तरह के कार्यक्रम और कई तरह की योजनाएं लागू की गई प्रदेश सरकार महिलाओं के विकास के लिए पूरा जोर दे रही है इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री शर्मा ने लखपति दीदी योजना के लाभ डीबीटीआयुष्मान आरोग्य योजना की नई सुविधा और छात्राओं व दिव्यांग जनों को साधन वितरित किए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को विकास की कुंजी बताया उन्होंने कहा कि प्रदेश की आधी आबादी की उन्नति किए बिना प्रदेश के प्रदेश के समग्र प्रगति संभव नहीं है इसी सोच के साथ सरकार महिला उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है द्य सम्मेलन के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उच्च शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से सहायता दी गई साथ ही लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को लोन सहायता और टैबलेट प्रदान किए गए जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके द्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में आउटीबाउंड पोर्टेबिलिटी सुविधा का भी शुभारंभ किया जिससे जरूरतमंदों को राज्य के बाहर भी इलाज का लाभ मिल सके कार्यक्रम से पहले उन्होंने स्कूली छात्रों को साइकिल और दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित कर उन्हें आत्मविश्वास का संदेश दिया इस अवसर पर धौलपुर के पच गौरव वन विभाग और स्वयं सहायता समूह के उत्पादन की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे मुख्यमंत्री ने देखा और महिला समूह के प्रयासों की तरह न किया सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूदरही ।



## महिलाएं मां सरस्वती मां दुर्गा मां लक्ष्मी का स्वरूप, जहां महिलाओं की होती है पूजा वहां होता है देवताओं का वास

सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्राचीन काल से ही और प्राचीन ग्रंथो में ही महिलाओं को देवता स्वरूप और आदरणीय माना जाता रहा है महिलाएं मां सरस्वती मां दुर्गा और मां लक्ष्मी का स्वरूप है जहां महिलाओं की पूजा होती है और सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है यही वजह है कि परिवार समाज प्रदेश और देश के विकास में महिलाओं की सबसे ज्यादा भागीदारी रहती है महिलाओं के बिना कुछ भी संभव नहीं है उन्होंने कहा कि जब कोई इंसान परेशान हो जाता है तो वह सबसे पहले अपनी मां और अपनी पत्नी को ही अपनी पीड़ा बताता है और मां और पत्नी ही उसकी पीड़ा को दूर करती हैं इसलिए परिवार के विकास समाज के विकास और देश के विकास में महिलाओं का प्रमुख योगदान रहता है इसी सोच के साथ हमारी सरकार भी शुरू से ही प्रदेश में महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए सतत प्रयास कर रही है इसके लिए सरकार ने कई तरह की योजनाएं कई तरह की सुविधा और कई तरह के बड़े निर्णय लिए हैं जिसका प्रदेश भर की महिलाएं फायदा उठा रही हैं उन्होंने कहा कि आज धौलपुर में महिलाओं का यह जो राज्य स्तरीय सम्मेलन हो रहा है यह अपने आप में एक बड़ी बात है धौलपुर पूर्वी राजस्थान का द्वार माना जाता है और ऐसी जगह पर हजारों की तादाद में मौजूद महिलाओं के समक्ष महिलाओं का राज्य स्तरीय सम्मेलन होना उनकी सरकार के लिए भी गौरव का विषय है उन्होंने कहा कि सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा दे रही है प्रदेश में बालिकाओं के शिक्षा का स्तर ऊंचा उठने के लिए सरकार ने कई बड़े निर्णय लिए हैं सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी तेजी से कार्य कर रही है इसके लिए वकायदा महिलाओं को कुटीर और लघु उद्योग स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से कई तरह की सुविधा दी जा रही है महिलाओं के छोटे-छोटे समूह बनाकर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदत्त करके स्वावलंबन की दिशा में सरकार तेजी से कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में महिलाओं के लिए जो कार्य किए हैं उसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में महिलाएं तेजी से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं महिलाएं खेल जगत में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है उन्होंने कहा कि सरकार यही सोचकर महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं और निर्णय ले रही हैं कि बिना महिलाओं के विकास के प्रदेश का विकास हो ही नहीं सकता इसलिए सरकार महिलाओं के विकास पर पूरा फोकस रख रही है ।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा भजनलाल सरकार नारी शक्ति को राष्ट्रीय शक्ति बना रही है

महिला सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और महिलाओं के प्रति उनकी सकारात्मक सोच से आज महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रही है और प्रदेश की भजनलाल सरकार भी नारी शक्ति को राष्ट्रीय शक्ति बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही हैं उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में राजस्थान में व्यापक स्तर पर महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कई तरह की योजनाएं और सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई उसी का नतीजा है कि आज राजस्थान में महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रही हैं उन्होंने कहा कि हमारी सोच है महिलाओं को सहायता नहीं बल्कि अवसर दिया जाए इसीलिए हमारी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है और कई तरह के बड़े निर्णय लेकर महिलाओं के प्रगति के रास्ते को काफी आसान बनाया है जिसकी बदौलत महिलाएं अब घर की चौखट से निकलकर विधानसभा लोकसभा राज्यसभा अंतरिक्ष विज्ञान खेल जगत में अपनी क्षमता दिख रही हैं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में लाडो पोषण योजना शुरू करके समाज में यह संदेश देने का प्रयास किया है की बेटी के पैदा होने पर उसे बोझ नहीं समझा जाए बल्कि उसे परिवार समाज प्रदेश और देश के विकास का एक प्रमुख स्तंभ समझा जाए उन्होंने कहा कि आज राजस्थान के लोग बेटी के जन्मदिन को उत्सव की तरह मानते हैं यह जो नया समाज में माहौल बना है यह हमारी सरकार की देन है उन्होंने कहा कि राजस्थान में महिलाओं के विकास और कल्याण के लिए लड़ो पोषण योजना उज्ज्वला योजना मातृत्व वंदन योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना जैसी अनेकों योजनाएं हैं जिनके माध्यम से महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में और हर जगह पूरा अवसर और मौका दे रही हैं जिसका महिलाएं फायदा उठा रही हैं और आज प्रदेश की महिलाएं खुद को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बना रही हैं और अपने परिवार समाज प्रदेश और देश के विकास में बड़ा योगदान दे रही हैं ।

## नवंबर में 64 दवाएं गुणवत्ता मानकों पर फेल, जांच में 200 से ज्यादा दवा नमूने घटिया

नई दिल्ली

**(एंजेसी)**स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि नवंबर महीने की जांच में केंद्रीय दवा प्रयोगशालाओं ने 64 दवा नमूनों को मानक गुणवत्ता का नहीं (एनएसक्यू) पाया है। इसके अलावा, राज्य दवा परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 141 दवा नमूनों को भी एनएसक्यू श्रेणी में रखा है। मंत्रालय के अनुसार, यह जांच नियमित नियामक निगरानी के तहत की जाती है। हर महीने जिन दवाओं की गुणवत्ता मानकों में कमी या जो नकली पाई जाती हैं, उनकी सूची केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की वेबसाइट पर अपलोड की जाती है। स्वास्थ्य मंत्रालय के बयान में कहा गया कि नवंबर 2025 में केंद्रीय दवा प्रयोगशालाओं ने 64 और राज्य प्रयोगशालाओं ने 141 दवा नमूनों को मानकों पर खरा नहीं पाया। एनएसक्यू दवाएं वे होती हैं, जो किसी एक या एक से अधिक गुणवत्ता मानकों पर असफल पाई जाती हैं। हालांकि, यह कमी केवल उस विशेष बैच तक सीमित होती है जिसकी जांच की गई है और इससे बाजार में मौजूद अन्य दवाओं को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा, नवंबर में उत्तर क्षेत्र (गाजियाबाद) से दो दवा नमूने नकली (स्प्यूरियस) पाए गए। ये दवाएं बिना अनुमति वाले निर्माताओं की तरफ से बनाई गई थीं और किसी दूसरी कंपनी के ब्रांड नाम का गलत इस्तेमाल किया गया था। इस मामले की जांच जारी है और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि केंद्र और राज्य नियामक एजेंसियां मिलकर लगातार ऐसी कार्रवाई करती हैं, ताकि घटिया या नकली दवाओं की पहचान कर उन्हें बाजार से हटाया जा सके और लोगों की सेहत सुरक्षित रखी जा सके।

## भाजपा ने अटल स्मृति वर्षऔर वीर बाल दिवस कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए समितियां का गठन किया



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने अटल स्मृति वर्ष एवं वीर बाल दिवस कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु प्रदेश स्तरीय समितियों की घोषणा की। अटल स्मृति वर्ष कार्यक्रम के लिए प्रदेश स्तरीय समिति के साथ-साथ प्रदेश मोर्चा स्तर समिति का गठन किया गया है। अटल स्मृति वर्ष कार्यक्रम हेतु प्रदेश स्तर पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी को प्रदेश संयोजक बनाया गया है। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल विश्नोई, अलका मूंदड़ा , प्रदेश मंत्री नारायण मीणा तथा आईदान सिंह भाटी को कार्यक्रम समिति के प्रदेश सह-संयोजक के रूप में दायित्व सौंपा गया है। अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत गठित प्रदेश मोर्चा स्तर समिति में भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं प्रदेश सह-संयोजक के रूप में महेन्द्र कुमावत युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची तथा शंकर गौरा को शामिल किया गया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि वीर बाल दिवस कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रदेश स्तरीय समिति की भी घोषणा की गई है। इस समिति में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी को प्रदेश कार्यक्रम समन्वयक आशीष चौपड़ा को प्रदेश संयोजक बनाया गया है। प्रदेश सह-संयोजक के रूप में प्रीति शर्मा तथा ऋषि मीणा को दायित्व प्रदान किया गया है। बगड़ी ने बताया कि अटल स्मृति वर्ष और वीर बाल दिवस के अंतर्गत प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिनके माध्यम से भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों एवं वीर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## पंचायत और निकाय चुनाव में सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को राहत दी, हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को राहत देते हुए पंचायत और निकाय चुनाव 15 अप्रैल 2026 तक करने के हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है अदालत ने पूर्व विधायक संयम की तत्काल चुनाव कराने वाली याचिका खारिज करती है सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से साफ इनकार कर दिया है द्य सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राजस्थान के पंचायत और निकाय चुनाव 15 अप्रैल 2026 तक पूरे कराए जाएं हाई कोर्ट के फैसले को संयम ने चुनौती देते हुए तत्काल चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर एसएलपी दाखिल की थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की एसएलपी पर सनी करने के दौरान राजस्थान सरकार के वकीलों ने कहा था कि फिलहाल राजस्थान में स्थानीय निकाय के परिसीमन का कार्य है पूरा होने वाला है कार्य पूरा होने के तत्काल बाद चुनाव कर लिए जाएंगे एसएलपी प्रस्तुत करने वाले संयम के वकील की ओर से कहा गया कि राजस्थान में ऐसे 52 निकाय हैं जिनका कार्यकाल 1 वर्ष पहले ही पूरा हो चुका है संविधान के मुताबिक कार्यकाल पूरा होने के तुरंत बाद चुनाव कराए जाने थे लेकिन सरकार ने चुनाव नहीं करवाए तत्काल चुनाव नहीं करवा कर उनमें प्रशासक नियुक्त करना संवैधानिक प्रावधानों का खुला उल्लंघन हैद्य राज्य सरकार की ओर से मामले की पैरवी करते हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि परिसीमन की प्रक्रिया तय सीमा में पूरी कर ली जाएगी साथ ही यह भी भरोसा दिलाया कि अप्रैल 2026 तक चुनाव करवा दिए जाएंगे सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत न्यायाधीश जयमाला और न्यायाधीश विपुल पंचोली की बेंच ने राजस्थान सरकार के इस भरोसे को रिकॉर्ड किया और संयम की एसएलपी खारिज करते हुए राजस्थान हाई कोर्ट के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया जिसमें पंचायत और निकाय चुनाव को 15 अप्रैल तक की समय सीमा में करने की इजाजत दी गई थी

## बांग्लादेश में बिगड़े हालात, हिंदू शख्स की मॉब लिंचिंग पर यूनुस सरकार बोली- बख्शेंगे नहीं

(एंजेसी )जयपुर टाइम्स

**ढाका** बांग्लादेश में युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद हिंसा भड़क गई है। राजधानी ढाका समेत कई इलाकों में भीड़ आगजनी और हिंसक प्रदर्शन कर रही है। इस बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को देश के लोगों से हिंसक प्रदर्शनों से दूरी बनाने की अपील की है। हिंसक प्रदर्शनों में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर की गई हत्या के बाद अंतरिम सरकार ने बयान जारी किया है। यूनुस सरकार ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से की जा रही हिंसा का सभी बांग्लादेशी नागरिक विरोध करें। उन्होंने हिंसा में मारे गए हिंदू शख्स की हत्या की भी निंदा की।

### हिंदू व्यक्ति की मॉब लिंचिंग की यूनुस सरकार ने की निंदा

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक बयान में कहा कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। बयान में आगे कहा गया है कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बांग्ला ट्रिब्यून समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, मयमनसिंह शहर में गुरुवार को कथित ईशनिंदा के आरोप में दीपू चंद्र दास नामक एक हिंदू शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। भीड़ ने हत्या करने के बाद उसके शव को आग लगा दी। मुख्य सलाहकार की मीडिया टीम की ओर से जारी



बयान में कहा गया है, 'हम हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति को नष्ट करने के सभी कृत्यों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं।' बयान में कहा गया है, 'इस नाजुक घड़ी में, हम प्रत्येक नागरिक से हिंसा, उकसावे और नफरत को अस्वीकार करके और उनका विरोध करके हादी का सम्मान करने का आह्वान करते हैं।' हालांकि, शुक्रवार को दिन के दौरान हिंसा की कोई घटना सामने नहीं आई, लेकिन गुरुवार रात प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के संस्थापक पिता शेख मुजीबुर रहमान के आवास की पहले से ही ध्वस्त इमारत में तोड़फोड़ की। इसके साथ ही ढाका में दो प्रमुख अखबारों के दफ्तरों पर हमला कर आगजनी की। प्रदर्शनकारियों ने चटगांव में सहायक भारतीय उच्चायुक्त के आवास पर ईंट-पत्थर भी फेंके।

## संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त; कई अहम विधेयक पारित, राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर किए तीखे हमले

(एंजेसी)जयपुर टाईम्स

**दिल्ली** शुक्रवार को लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जिसके साथ ही संसद के 19 दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए, जिनमें 20 साल पुरानी मनरेगा को निरस्त करने वाला विधेयक और निजी भागीदारी के लिए नागरिक परमाणु क्षेत्र को खोलने वाला विधेयक भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक, शीतकालीन सत्र के दौरान कुल बैठक का समय 92 घंटे और 25 मिनट था।

### लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही- ओम बिरला

शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपना संक्षिप्त विदाई भाषण पढ़ा, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही और सदस्य महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा करने के लिए देर रात तक बैठे रहे। इसके बाद उन्होंने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया, जिससे 1 दिसंबर को शुरू हुआ संक्षिप्त सत्र समाप्त हो गया।



### विपक्ष ने लगाए 'महात्मा गांधी की जय' के नारे

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विदाई भाषण पढ़ रहे थे, तब कुछ विपक्षी सदस्य 'महात्मा गांधी की जय' के नारे लगाते हुए देखे गए। निचली सदन की कार्यवाही स्थगित होने के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे। शीतकालीन सत्र की 15 बैठकों के दौरान सदन में दो राजनीतिक रूप से संवेदनशील बहसें हुईं - एक वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर और दूसरी चुनाव सुधारों पर।

### अहम बहसें और राजनीतिक माहौल

शीतकालीन सत्र के 15 बैठकों में दो प्रमुख राजनीतिक बहसें हुईं। पहली बहस 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर हुई, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने की। इस विषय पर 11 घंटे 32 मिनट तक चर्चा हुई और 65 सांसदों ने भाग लिया। दूसरी अहम बहस चुनाव सुधारों पर हुई, जो करीब 13 घंटे चली और इसमें 63 सांसदों ने हिस्सा लिया। विपक्ष चुनावी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े नए कानून तथा 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर रहा। हालांकि, सरकार ने साफ किया कि चुनाव आयोग के कामकाज पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। उच्च शिक्षा से जुड़े विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 को दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया। इसका उद्देश्य एक उच्च शिक्षा आयोग और तीन अलग-अलग परिषदों की स्थापना करना है। वहीं, बाजार प्रतिभूति संहिता से जुड़ा एक विधेयक पेश कर स्थायी समिति को भेजा गया। सत्र के दौरान 300 तारांकित प्रश्न स्वीकार किए गए, जिनमें से 72 का मौखिक उत्तर दिया गया। इसके अलावा 3,449 अतारांकित प्रश्न स्वीकार हुए। शून्यकाल में 408 तात्कालिक मुद्दे उठाए गए और नियम 377 के तहत 372 मामले लिए गए। इस तरह, शीतकालीन सत्र ने जहां कई अहम फैसलों की नींव रखी, वहीं राजनीतिक बहसों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गर्माहट भी बनाए रखी।

CMYK

## भाजपा जिला अलवर उत्तर की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर उत्तर की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने की। बैठक में राजस्थान सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुँचाने एवं मंडल स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला संगठन प्रभारी अशोक सैनी एवं सह प्रभारी गौरव यादव ने संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का परिचय कराया तथा संगठन को मज़बूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद किया। साथ ही जिले में प्रस्तावित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री पवन यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष उम्मेद भाया, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, रामकिशन मेघवाल, रोहितास, जिला महामंत्री रमेश रावत, अनूप यादव, सीताराम, बस्तीराम, जे.पी. प्रधान, अंकुर दायमा सहित पार्टी के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क अभियान को गति देने तथा सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

## यूआईटी की टीम द्वारा अवैध प्लॉटिंग एवं चार दीवारी को ध्वस्त करने की कि कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा आज न्यास क्षेत्राधिकार के ग्राम दिवाकरी के खसरा नं. 512 से 516 एवं अन्य भू-भाग पर बिना न्यास स्वीकृति एवं भू-संपरिवर्तन कराये ही कृषि भूमि पर ग्रेवल सडक डालकर विकसित की जा रही लगभग 20 बीघा भूमि से अवैध प्लॉटिंग एवं चार दीवारी को नियमानुसार ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि टीम द्वारा ग्राम दिवाकरी में करीब 20 बीघा कृषि जो चंद्रमोली मोर्टस के पीछे स्थित है पर राहुल पांचाल, सकिला व अन्य द्वारा विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि न्यास द्वारा आगे भी अवैध प्लॉटिंग एवं अवैध निर्माणों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि न्यास द्वारा विकसित की गई आवासीय योजनाओं तथा न्यास द्वारा स्वीकृत की गई योजनाओं में ही भूखण्ड अथवा मकान खरीदे तथा किसी भी अनाधिकृत रूप से काटी गई अवैध कॉलोनियों में भूखण्ड अथवा भूमि नहीं खरीदे। इस दौरान नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पर्यावरण कार्यशाला का किया गया आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला पर्यावरण समिति के तत्वावधान में कैरियर मेकर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, अलवर में एक पर्यावरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपवन संरक्षक राजेन्द्र कुमार हुड्डा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब अरावली महेंद्र गोयल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नीरज शर्मा ने की। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विविध विषयों पर जानकारी दी गई। उपवन संरक्षक राजेन्द्र कुमार हुड्डा ने अलवर जिले में पिछले दो वर्षों में विकसित मियावाकी तकनीक, नगर वन तथा सघन वृक्षारोपण कार्यक्रमों की उपयोगिता एवं पर्यावरणीय प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अलवर के क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा प्लास्टिक प्रबंधन, ई-वेस्ट प्रबंधन एवं अपशिष्ट पुनर्चक्रण विषय पर छात्रों को सरल व प्रभावी ढंग से जानकारी प्रदान की गई। वरिष्ठ अतिथि रोटेरियन महेन्द्र गोयल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर निरंतर जागरूक रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिमा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन से क्षितिज माथुर ने किया। इस अवसर पर कैरियर मेकर स्कूल के संचालक रोटेरियन रविश गोयल ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पर्यावरणविदों एवं गणमान्य नागरिकों में रोटेरियन डॉ. आकाश बंसल, रोटेरियन कमल बांगा, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, नवीन कुमार, रामचरण शर्मा, अर्पित गोयल एवं शाहिद खान सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### जिला कलक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

# एसआईआर कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग कर दावे, आपत्ति प्रस्तुत करने एवं नाम जुडवाने के लिए व्यापक स्तर पर करें प्रचार-प्रसार - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधित कोर्ट केसेज व राजस्व प्रकरणों के निस्तारण एवं एसआईआर कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने राजस्व संबंधित कोर्ट केसेज एवं प्रकरणों की बिन्दुवार समीक्षा कर निर्देशित किया कि आमजन को राहत प्रदान करने हेतु राजस्व अधिकारी तत्परता से कार्य करते हुए लम्बित कोर्ट केसेज एवं राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें, जिससे अनावश्यक प्रकरण लम्बित नहीं रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि सरकारी प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन प्रकरणों में जिला स्तरीय अधिकारी संबंधित उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर उनका समयबद्ध रूप से निस्तारण करें, ताकि जनहित के कार्य



धरातल पर आ सके। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रत्येक उपखण्ड अधिकारी से उनके उपखण्ड से संबंधित राजस्व वाद निस्तारण, जीसीएमएस पोर्टल की स्थिति, भूमि संपरिवर्तन प्रकरण, आम रास्ते, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति सहित नवाचार कार्यों, ई-फाइल इत्यादि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई परिवादों एवं स्टार मार्क के बकाया प्रकरणों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिदायक समाधान करवाएं। उन्होंने ई-फाइल प्रणाली पर जोर देते हुए निर्देश दिये कि ई-फाइलिंग को उपखंड अधिकारी कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में शत प्रतिशत लागू करने एवं फाइलों का न्यूनतम समय में निस्तारण करें।

### एसआईआर कार्य की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

जिला कलक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोग द्वारा प्रसारित कार्यक्रम के अंतर्गत 15 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये जाएंगे। इस अवधि में प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने तथा ऐसे मतदाता जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सके इसके लिए उपखण्ड अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त बीएलओ व स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार कर आमजन को जागरूक करें। बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, सीईओ जिला परिषद सालूखे रविंद्र गौरव, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, एसडीएम अलवर माधव भारद्वाज सहित समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार मौजूद रहे।

## मेगा आयुर्वेद परामर्श एवं पंचकर्म चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री अग्रवाल महासभा अलवर द्वारा संचालित श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय, अलवर स्कीम नंबर एक में स्वर्गीय ज्ञान चन्द अग्रवाल एवं स्वर्गीय कमला देवी (गोवर्धन वाला) की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय मेगा आयुर्वेद परामर्श एवं पंचकर्म चिकित्सा शिविर का समापन अत्यंत सफलतापूर्वक हुआ। इस तीन दिवसीय शिविर में 250 से अधिक रोगियों ने अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सक डॉ शिव कुमार शर्मा के द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श प्राप्त किया, वहीं 60 महिला एवं पुरुष रोगियों को पंचकर्म चिकित्सा के माध्यम से विशेष लाभ प्रदान किया गया। शिविर के दौरान शिरोधारा, अभ्यंग, स्वेदन, बस्ती, नस्य एवं अन्य शुद्ध आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियों द्वारा रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिला। रोगियों ने शिविर की व्यवस्थाओं, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार से संतोष व्यक्त किया। शिविर की सफलता में धनवंतरी आयुर्वेदिक हॉस्पिटल एवं पंचकर्म सेंटर कटोरी वाला तिबारा के चिकित्सकों, आयोजकों, सहयोगियों एवं कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा। आयोजक मंडल ने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का



संकल्प किया। इस अवसर पर अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता, उपाध्यक्ष व शिविर संयोजक किशन कुमार गर्ग, मंत्री विजय कुमार अग्रवाल, चिकित्सालय संयोजक गोविंद गोयल, महासभा के पूर्व अध्यक्ष अमित गोयल, पूर्व मंत्री विष्णु दत्त गोयल, जय चंद्र मित्तल, एस एन अग्रवाल व अन्य अग्रवाल समाज के गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।

## ग्राहक जागरण से ही रुकेगा साइबर क्राइम -ग्राहक पंचायत



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा राष्ट्रीय ग्राहक दिवस के उपलक्ष्य में 15-31 दिसंबर तक राष्ट्रीय स्तर पर ग्राहक जागरण पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इसी के चलते अलवर इकाई द्वारा शुक्रवार को नगर बगीची स्तिथ स्काउट एवं गाइड मुख्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राहक पंचायत के जिला सह सचिव चंद्रमोहन 'मी' ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में स्काउट रेंजर्स के मध्य बोलते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनील कुमार जैन ने कहा आपदा में अवसर ढूँढने वालों के कारण इस देश में ग्राहक संगठन की आवश्यकता हुई जिससे ग्राहक पंचायत का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम को रोकने के लिए आमजन को ही जागरुक होना पड़ेगा। उपभोक्ता अधिनियम 2019 का उल्लेख करते हुए कहा कि अब नए अधिनियम के प्रावधानों से भ्रामक प्रचार पर लगाम लगी है जिस कारण शोषण में कमी आयी हैं। उन्होंने ग्राहक पंचायत की उपलब्धियों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व प्रांत आयाम प्रमुख एडवोकेट रचना गोयल ने साइबर क्राइम पर चर्चा करते हुए कहा कि आज वाट्सअप, इन्स्टाग्राम,फेसबुक व अन्य सोशल साइट्स के जरिए ऑनलाइन ठगी की जा रही है। यह ठगी 80' लालच में, 15' जल्दबाजी में एवं 5'अनजाने में होती हैं। अगर हम लालच छोड़ दें तो ठगी से बच सकते है। उन्होंने ऑनलाइन गेम्स एवं ओ टी टी प्लेटफॉर्म के दुष्परिणामों का भी विस्तृत उल्लेख किया। नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि हमें खरीददारी करते समय सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड सी ओ मुख्यालय राजेंद्र प्रसाद मीना ने कहा कि हमें फ्री के लालच में नहीं पड़ना चाहिए। इस दौरान सी ओ गीता सिंह एवं सुरेश कुमार ने भी संबोधित किया।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित ज्वेलर्स से की मुलाकात, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के 60 फीट रोड स्थित कृतिका ज्वेलर्स में हुई लाखों रुपये की चोरी की गंभीर घटना के बाद शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के अध्यक्ष प्रकाश गंगावत के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित दुकानदार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित व्यापारी से घटना की पूरी जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा कि शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। एक व्यस्त क्षेत्र में ज्वेलरी की दुकान का शटर उखाड़कर चोरी होना कानून-व्यवस्था की पोल खोलता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए तथा चोरी



गए माल की जल्द बरामदगी सुनिश्चित की जाए। साथ ही व्यापारियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाये जाये। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित दुकानदार के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, पुष्पेंद्र धाभाई, अंकित गोयल, प्रीतम मेहंदीरत्ता, रमन सैनी, गौरव यादव, दीपेंद्र सैनी, राहुल खान, मनीष कोली, डालचंद वर्मा, रामप्रकाश शर्मा सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## विकलांगजन के लिए संचालित महावीर विशेष विद्यालय को आम जन द्वारा उपलब्ध कराई सामग्री

**अलवर(निसं.)।** अपना घर आश्रम के संरक्षक ई. अशोक मेठी की प्रेरणा से समाज सेवी चिराग गोयल परिवार एवं अन्य जनों के सहयोग से विकलांगजन के लिए रजनी जैन द्वारा संचालित महावीर विशेष विद्यालय मे अध्यनरत 30 बच्चों के लिए उनकी



आवश्यकताओ को ध्यान मे रखते हुए एक फर्श, 30 गर्म पाजामे चिराग गोयल परिवार, निर्भय शर्मा एवं आमजन के सहयोग से, 2 कम सुनने वाले बच्चों को अपना घर आश्रम की ओर से 2 कान की मशीन, एक बोर्ड डॉ अशोक गुप्ता की ओर से उपलब्ध करवाए गए। इस मौके पर रक्तवीर संगीता गौड, अधिवक्ता निधि शर्मा, चिराग गोयल, अंजना गोयल एवं ई अशोक मेठी उपस्थित रहे। संस्था की संचालिका रजनी जैन ने इस नेक कार्य के लिए पधारे हुए सभी महानुभावो का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## गिव अप अभियान के तहत 31 दिसम्बर तक अपात्र व्यक्ति हटवाएं नाम

### अपात्र व्यक्तियों से वसूली जाएगी गेहूं की बाजार दर 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम के हिसाब से राशि

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** गिव अप अभियान के तहत अपात्रा खाद्य सुरक्षा लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से 31 दिसम्बर तक अपना नाम हटवा सकते हैं। अपात्र व्यक्तियों से योजना के प्रारम्भ से प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम के हिसाब से वसूली की जाएगी। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित ऐसे लाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं जैसे आयकरदाता, 1 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय, चौपहिया वाहन धारक स्वेच्छा से अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार/जिला रसद अधिकारी कार्यालय अलवर में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम हटवा सकते हैं। प्रपत्र जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। अब कोई भी अपात्र व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल https// food. rajasthan. gov.in पर उपलब्ध लिंक 'गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA) से स्वतः हटने के लिए आवेदन करें' पर आवेदन कर अपना नाम स्वयं खाद्य सुरक्षा सूची से हटा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयकर विभाग से आयकरदाताओं की सूची तथा परिवहन विभाग से चौपहिया वाहनधारकों के नाम प्राप्त किये जा रहे है। इस सूचना के आधार पर उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वसूली की कार्यवाही तथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी एवं योजना के प्रारंभ से ही प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलो के हिसाब से वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक प्रदेश में 51 लाख 46 हजार 498 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाए है जिनमें अलवर जिले में 1 लाख 54 हजार 858 व्यक्ति हैं ।

# महिला सम्मेलन' का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

### अतिथियों ने 504 राजीविका दीदियों को करीब 3 करोड़ रूपये राशि के सौंपे ऋण सहायता के चेक

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय 'महिला सम्मेलन' का आयोजन शुक्रवार को प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा धौलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुडे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश की महिलाओं को 1320 करोड़ रूपए का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया।

धौलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की महिलाओं के साथ ही विभिन्न पेंशन योजनाओं में 91 लाख लाभार्थियों को 1100




करोड़ रूपये, पालनहार योजना के 5.95 लाख लाभार्थियों को 103 करोड़ रूपये, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में 5 हजार विद्यार्थियों को 2.5 करोड़ रूपये, 5 हजार लखपति दीदियों को 100 करोड़ की ऋण सहायता, पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में 1.55 लाख छात्रों को 15 करोड़ रूपये राशि का हस्तांतरण एवं लखपति दीदियों, कृषि सखियों व पशु सखियों को टैबलेट का वितरण किया।

**जिले के करीब पौने तीन लाख लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से साढे 33 करोड से अधिक की राशि का हुआ हस्तांतरण**

जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा राजीविका की 504 लखपति दीदियों को 2 करोड़ 92 लाख रूपये के ऋण सहायता के प्रतिकात्मक चेक सौंपे गए। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जिले के 2 लाख 47 हजार 944 पेंशनर को 30



करोड़ 99 लाख 30 हजार रूपये की राशि, मुख्यमंत्री पालनहार योजना में 15 हजार 640 लाभार्थियों को 2 करोड़ 34 लाख 60 हजार रूपये की राशि, पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में 4044 विद्यार्थियों को 42 लाख 16 हजार 500 रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, महिला बाल विकास के उप निदेशक महेश गुप्ता, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, सीडीईओ महेश गुप्ता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से शुक्रवार को प्रदेश के भरतपुर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पंजाब नेशनल बैंक के फील्ड मैनेजर भगवत सैनी को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की टीम गिरफ्तार अभियुक्त सैनी के विभिन्न ठिकानों पर सर्च अभियान को अंजाम दे रही है भागवत सनी पंजाब नेशनल बैंक की भुसावर शाखा में फील्ड मैनेजर पद पर तैनात है इसलिए सैनी की ओर से हाल ही में लोन संबंधी जितनी भी फाइलें संपादित की गई हैं उन सब के बारे में गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी और कर्मचारियों का हिस्सा तो निश्चित नहीं है द्य एसीबी की इस कार्रवाई के बाद बैंक प्रशासन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त भागवत सैनी भुसावर स्थित पंजाब नेशनल बैंक का फील्ड मैनेजर है जिसने परिवादी से लोन स्वीकृत करने के बदले रिश्वत के डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो कार्यालय ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने आरोपी मैनेजर भगवत सैनी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत शुक्रवार को जैसे ही परिवार देने भगवत शैली को रिश्वत केडेढ़ लाख रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ भगवत सैनी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

## पति की गर्दन काट कर महिला कुएं में कूद गई, ग्रामीणों ने जिंदा बाहर निकाल लिया



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा में थमलाव गांव में एक महिला ने अपने पति के गर्दन काट कर हत्या कर दी और फिर खुद अपने घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित कुएं में कूद गई लेकिन ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे तुरंत कुएं में गिरी महिला को बाहर निकाल लिया महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है महिला के दो बेटे हैं सुनील और अर्जुन तथा महिला का पति मोहन गुर्जर बकरी चराता थाकिस वजह से महिला ने अपने पति की हत्या की इसकी जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाई लेकिन पुलिस को संदेह है कि हत्या के पीछे घरेलू क्लेश हो सकता है इसलिए मृतक मोहन गुर्जर के निकट के परिजनों रिश्तेदारों से भी आवश्यक पूछताछ की जा रही है इसके अलावा मृतक के आसपास रहने वाले लोगों से भी इस मामले में पुलिस आवश्यक पूछताछ कर रही है आरोपी महिला लाडो देवी है जिसे कुएं से बाहर निकालने के बाद पहले निकट के अस्पताल में पहुंचाया गया इसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को राउंडअप कर लिया है पुलिस गिरफ्तार लाडो देवी से आवश्यक पूछताछ कर रही है तथा जिस धारदार हथियार से उसने अपने पति की गर्दन काटी उसे हथियार को भी बरामद कर लिया है पुलिस का कहना है कि कहीं ना कहीं पति और पत्नी के बीच आपस में जोरदार मनमुटाव की स्थिति बनी हुई थी हो सकता है मनमुटाव का कारण आर्थिक तंगी हो या फिर और भी कोई बड़ा कारण हो सकता है इसलिए पति और पत्नी के बीच आपस में जोरदार दूरियां बन गई और शायद इसी वजह से लाडो देवी ने अपने पति का कत्ल कर दिया पुलिस का कहना है कि हो सकता है मृतक मोहन गुर्जर पत्नी के साथ मारपीट करता हो जिसकी वजह से परेशान होकर उसने यह कृत्य किया फिलहाल पुलिस लाडो देवी से आवश्यक पूछताछ कर रही है तथा लाडो देवी के निकट के परिजनों रिश्तेदारों सभी को इस मामले में अवगत करवा दिया गया है।

## नेशनल टैलेंट हंटः भरतपुर कांग्रेस कार्यालय में संभाग स्तरीय साक्षात्कार, 20 कार्यकर्ताओं का चयन



जयपुर टाइम्स

**भरतपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (मीडिया सेल) के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से राजस्थान में कांग्रेस के मीडिया संगठन को मजबूत करने की दिशा में 'नेशनल टैलेंट हंट' कार्यक्रम के तहत भरतपुर संभाग स्तर पर साक्षात्कार आयोजित किए गए। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाकर कांग्रेस मीडिया सेल को अधिक प्रभावी बनाना है। भरतपुर मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया में भरतपुर संभाग के पांचों जिलों–भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर–से आए कांग्रेसी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बताया गया कि संभाग के चार जिलों से कुल 20 कार्यकर्ताओं का चयन किया गया है। साक्षात्कार एआईसीसी की ओर से नियुक्त पीसीसी प्रवक्ता एवं भरतपुर संभाग प्रभारी राजेश कटारा तथा कोऑर्डिनेटर राम लोढ़ा ने लिए। पीसीसी प्रवक्ता एवं सचिव राजेश कटारा ने कहा कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य प्रदेश स्तर पर रिसर्चर और प्रवक्ताओं की पहचान कर उन्हें जिम्मेदारी देना है, ताकि जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जा सके और भाजपा सरकारों की नाकामियों को प्रभावी तरीके से जनता के सामने रखा जा सके। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को अंतिम स्क्रीनिंग के लिए पीसीसी मुख्यालय जयपुर बुलाया जाएगा, जहां अंतिम चयन किया जाएगा। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। रिक्की सिंह हंतरा ने कहा कि नेशनल टैलेंट हंट नई सोच वाली पीढ़ी को राजनीति में लाने की अनूठी पहल है। इस कार्यक्रम के जरिए पढ़े-लिखे, सामाजिक सरोकारों से जुड़े और नेतृत्व क्षमता रखने वाले युवाओं को पहचानकर उन्हें प्रशिक्षण शिविरों से जोड़ा जाएगा, जहां संविधान, लोकतांत्रिक मूल्य, संगठनात्मक ढांचा और जनआंदोलन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। कांग्रेस का लक्ष्य वंशवाद से हटकर प्रतिभा आधारित राजनीति को बढ़ावा देना है।

# श्री करनपुर में जबरन धर्म परिवर्तन अड्डे का पर्दाफाश, जर्मनी दंपति और चार अन्य विदेशी गिरफ्तार

### नागौर के डीडवाना में भी जीजा साला करवा रहे जबरन धर्म परिवर्तन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान पुलिस ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर श्रीकरणपुर में वार्ड 22 लक्कड़ मंडी में पिछले कई सालों से गरीब मजदूर और वाल्मीकि समाज के लोगों को जबरन धर्म परिवर्तन करने वाले एक विदेशी ग्रुप का पर्दाफाश करते हुए इस मामले में जर्मनी दंपति और चार अन्य विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है तो दूसरी तरफ नागौर के डीडवाना में भी जीजा और साले को जबरन धन परिवर्तन करवाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है ऐसा माना जा रहा है कि राजस्थान में विभिन्न जिलों में जबरन धर्म परिवर्तन करने के लिए एक बड़ा गिरोह सक्रिय है कहा जा रहा है कि करीब 5000 लोगों का यह गिरोह है जो प्रदेश में चारों तरफ चुपचाप आदिवासी दलित और गरीब लोगों को प्रलोभन और आर्थिक मदद देकर उन्हें धर्म परिवर्तन करवाने में जुटा हुआ है पुलिस अब जर्मन दंपति और चार अन्य लोगों से गहनता से पूछताछ कर रही है प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि बड़ी संख्या में अब तक यह धर्म परिवर्तन करवा चुके हैं जानकारी के अनुसार प्रदेश के नागौर के डीडवाना में भी लालचंद डेविड और स्टीफन चौधरी को पुलिस ने जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में अरेस्ट किया है लालचंद डेविड और स्टीफन चौधरी दोनों रिश्ते में जीजा साला लगते हैं और स्टीफन चौधरी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है जानकारी के अनुसार दोनों जीजा साले ने धर्म परिवर्तन के इस धंधे में बड़ी संख्या में दलित मजदूर और आदिवासी वाल्मीकि समाज के लोगों को टारगेट किया है और उन्हें विभिन्न तरह के प्रलोभन और आर्थिक सहायता और गरीब लड़कियों की शादी करवाने का लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाया है इस कार्य में इन्हें काफी पैसा भी मिला है जिसकी वजह से जीजा साला ने काफी पैसा अलग-अलग धंधों में इन्वेस्ट किया है इसलिए पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है इसके अलावा पुलिस यह जांच पड़ताल भी कर रही है कि श्री करनपुर में पुलिस ने जिन आधा दर्जन विदेशी नागरिकों को अरेस्ट किया है क्या उनका संबंध लालचंद डेविड और स्टीफन चौधरी से है क्या लालचंद इस विदेशी ग्रुप के संपर्क में है इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है द्य जानकारी के अनुसार राजस्थान पुलिस ने पिछले कुछ महीनो में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में जबरन धर्म परिवर्तन करवाने के मामलों का खुलासा किया है इस मामले में हिंदू सामाजिक संगठनों ने भी कई जगहों पर जाकर जबरन धर्म परिवर्तन करवाने वाले लोगों के बारे में पुलिस को सूचित किया है जिसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई भी की है इसलिए पुलिस भी यह मानकर चल रही है कि राजस्थान में चोरी छुपे कई जगहों पर इस तरह से जबरन गरीब लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाने का यह धंधा संचालित हो रहा है इसलिए पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में युद्ध स्तर पर जुटी हुई है द्य उल्लेखनीय है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अभी हाल ही में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में एक कठोर बिल लेकर आई है जिसमें कई कड़े प्रावधान है इसलिए अब जो भी लोग जबरन धर्म परिवर्तन करवाने के इस अवैध धंधे में व्यस्तहैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होना तय है क्योंकि राजस्थान पुलिस भी इस मामले में काफी गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है जानकारी के अनुसार श्रीकरणपुर में भारत-पाकिस्तान की बॉर्डर पर जिस तरह से वार्ड संख्या 22 लक्कड़ मंडी में श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा के पीछे किराए के मकान में विदेशी दंपति और 4 अन्य विदेशी नागरिक गरीब मजदूर और वाल्मीकि समाज के लोगों को हिंदू धर्म के प्रति नफरत के भाव पैदा करके उन्हें चर्च में जाने की सलाह देते थे और उन्हें ईसाई धर्म अपनाने की प्रेरणा देते थे जिसमें उन्हें सफलता भी मिली और कई लोगों को पिछले सात आठ सालों से इस विदेशी ग्रुप ने जबरन धर्म परिवर्तन करवाया है गिरफ्तार किए गए विदेशी दंपति के पास दो देशों की नागरिकता भी है बड़ा सवाल यही खड़ा होता है कि जिस तरह से भारत-पाकिस्तान की बॉर्डर पर अवैध धर्म परिवर्तन का यह जो बड़ा अड्डा संचालित हो रहा था कहीं ना कहीं इसमें विदेशी ताकतों का हाथ जरूर है इसलिए गिरफ्तार दंपति और विदेशी नागरिकों के सभी संपर्क सूत्रों का पुलिस पता लग रही है तथा पुलिस यह भी पता लग रही है कि अब तक किस-किस जिले में कहां-कहां किन-किन लोगों का इन्होंने धर्म परिवर्तन करवाया है और कितना पैसा इन्होंने खर्च किया है तथा यह पैसा विदेशी ग्रुप के पास कहां से और कैसे आता है इन सब बातों की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## वकीलों ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, स्पीड ब्रेकर की मांग

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** अजमेर में क्रिश्चियन गंज थाना इलाके में कोर्ट की नई बिल्डिंग के सामने स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग पर वकील शुक्रवार को सड़क पर उतर आए वकीलों ने रोड जाम किया इस दौरान वकीलों ने मौके पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को भी बुलाया वकीलों के बुलाने पर पीडब्ल्यूडी का अधिकारी मौके पर पहुंच वकीलों और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के बीच आपस में बातचीत के दौरान ही वकीलों ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी के साथ मारपीट शुरू कर दी इस दौरान पुलिस भी मौके पर आ चुकी थी आंदोलनकारी वकीलों ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी को दौड़ा-दौड़ा दौड़कर पिटाई की पीडी का अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए रोड पर दौड़ता रहा और वकील उसके पीछे-पीछे दौड़ते रहे अधिकारी की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है हालांकि पुलिस ने इस मामले में सतर्कता बरतते हुए तुरंत वकीलों के चंगुल में फंसे पीडब्ल्यूडी अधिकारी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया इस मामले को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में आक्रोश छाया हुआ है उधर आंदोलनकारी वकीलों का कहना है कि शुक्रवार की सुबह हाई कोर्ट के सामने रोड पर एक सड़क दुर्घटना में एक बार फिर से दो वकील घायल हो गए थे वकीलों का कहना है कि जब से हाई कोर्ट के नए बिल्डिंग का उद्घाटन हुआ है तब से ही यहां पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की जा रही है इसके लिए जिला प्रशासन पुलिस और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कई बार पत्र लिखकर ज्ञापन भी दिया गया लेकिन कार्रवाई नहीं की गई जबकि स्पीड ब्रेकर नहीं होने की वजह से कोर्ट की बिल्डिंग के सामने व्यस्त रोड पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं यहां पर बड़ी संख्या में रोजाना वकील और विभिन्न मामलों को लेकर लोगों का कोर्ट में आना-जाना रहता है काफी भीड़ रहती है इसलिए आए दिन यहां पर कोर्ट के सामने ही रोड पर सड़क दुर्घटनाएं हो रही है लेकिन उनकी मांग पर कोई सुनवाई नहीं की गई जिसकी वजह से शुक्रवार को सुबह दो वकील यहीं पर सड़क हादसे में घायल हो गए इसलिए वकील गुस्से में हो गए और आंदोलन पर उतर आए जानकारी के अनुसार उसे दिन पहले ही अजमेर में कोर्ट की नई बिल्डिंग का उद्घाटन हुआ है कोर्ट की पुरानी बिल्डिंग के सामने ही नई बिल्डिंग तैयार की गई है लेकिन कोर्ट की नई बिल्डिंग के सामने काफी व्यस्त रोड रहता है और वहां तेज रफ्तार से गुजरते हैं जिसकी वजह से यहां पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं वकीलों का कहना है कि अगर यहां पर स्पीड ब्रेकर लगा दिया जाए तो वाहनों की रफ्तार कम होगी और सड़क दुर्घटनाएं बिल्कुल नहीं होगी लेकिन उनकी इस मांग पर प्रशासन पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की इसलिए परेशान होकर वकीलों को यह आंदोलन का रुख अपनाना पड़ा द्य जानकार लोगों का कहना है कि वकील की मांग वाजिब है लेकिन जिस तरह से पीडब्ल्यूडी अधिकारी को बुलाकर उसके साथ मारपीट की गई यह भी ठीक नहीं है मारपीट के दौरान अगर अधिकारी की जान चली जाती तो फिर इसका जिम्मेदार कौन होता इसलिए वकीलों को भी कहीं ना कहीं थोड़ा धैर्य तो रखना ही चाहिए।

## विधायक निधि फंड में कथित कमीशन खोरी के आरोपी तीनों विधायकों ने सदाचार कमेटी से समय मांगा

### भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को 24 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विधायक निधि फंड में कथित कमीशन खोरी के आरोपी तीनों विधायक रेवंत राम अनीता जाटव और बयान विधायक रितु ने विधानसभा की सदाचार कमेटी के समक्ष हाजिर होने के लिए कुछ समय मांगा है नागौर जिले की खींवसर विधानसभा सीट के भाजपा विधायक रेवंत राम ने अपनी बीमारी का हवाला देकर सदाचार कमेटी से 15 दिन का समय मांगा है तो बयाना विधायक रितु ने 7 दिन का समय मांगा तथा कांग्रेस विधायक अनीता जाटव ने 10 दिन का समय मांगा है तीनों ही विधायकों ने अपने-अपने अलग-अलग कारण बताकर कमेटी से समय मांगा है जिसकी इजाजत कमेटी ने दे दी है दूसरी तरफ 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई का सामना कर रहे भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को भी सदाचार कमेटी ने 24 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों एक दैनिक अखबार के स्टिंग ऑपरेशन में कांग्रेस विधायक अनीता जाटव भाजपा विधायक रेवंत राम और बयान विधायक रितु पर विधायक निधि फंड के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों में कमीशन लेने का आरोप लगा था जिसके बाद यह मामला राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सुर्खियों में बना हुआ है इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी काफी गंभीर दिखे और उन्होंने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने के आदेश दिए तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा विधायक रेवंत राम को भी पार्टी स्तर पर नोटिस दिया है तो प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी अपनी पार्टी की विधायक अनीता जाटव को नोटिस दिया है इसके अलावा राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी इस मामले को काफी गंभीर माना और इस मामले को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी बातचीत की और फिर यह पूरा मामला उन्होंने विधानसभा की सदाचार कमेटी को जांच पड़ताल के लिए प्रेषित किया अब सदाचार कमेटी इस पूरे मामले की जांच कर रही है और अगर सदाचार कमेटी की जांच में विधायक परलगाए प्रेषित किया अब सदाचार कमेटी इस पूरे मामले की जांच कर रही है और अगर सदाचार कमेटी की जांच में तीनों विधायक दोषी पाए गए तो फिर निश्चित रूप से इन सभी विधायकों की विधायक सदस्यता भी रद्द हो सकती है और फिर से इन तीन सीटों पर उपचुनाव हो सकते हैं फिलहाल सदाचार कमेटी के अध्यक्ष कैलाश वर्मा ने कहा है कि मामला काफी गंभीर है और एक-एक पहलू पर मामले की जांच की जाएगी।

## डॉ. सतीश पूनियाँ ने अपनी पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' हरियाणा विधानसभा, चंडीगढ़ में प्रदेश के शीर्ष जनप्रतिनिधियों को भेंट की





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** हरियाणा भाजपा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियाँ ने अपनी पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' (संवाद से संघर्ष तक) हरियाणा विधानसभा, चंडीगढ़ में प्रदेश के शीर्ष जनप्रतिनिधियों को भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिढा सहित मंत्रियों और विधायकों को यह पुस्तक सौंपी। डॉ. पूनियाँ ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज, विपुल गोयल, राव नरवीर सिंह, कृष्ण बेदी तथा राज्यमंत्री राजेश नागर को भी पुस्तक भेंट कर लोकतांत्रिक मूल्यों पर संवाद का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तक का उद्देश्य लोकतंत्र की मजबूती, जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा और संवाद के माध्यम से समाधान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि 'अग्निपथ नहीं जनपथ' में जनजीवन से जुड़े अनुभव, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की भूमिका और संघर्ष से संवाद तक की यात्रा को समाहित किया गया है। पुस्तक भेंट करते हुए उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे जन-सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए सदन और समाज में सकारात्मक विमर्श को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा परिसर में राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई और उपस्थित विधायकगणों ने पुस्तक के विषय-वस्तु को जनहित के लिए उपयोगी बताया।

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं की तिथि का किया ऐलान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से शुक्रवार को कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं की 2026 की परीक्षाओं का ऐलान कर दिया गया है जानकारी के अनुसार प्रदेश में दसवीं और 12वीं की परीक्षाएं 12 फरवरी से एक साथ पूरे प्रदेश भर में शुरू होगी जिसमें दसवीं की परीक्षाएं 28 फरवरी को कंप्लीट हो जाएगी लेकिन 12वीं की परीक्षाएं 11 मार्च तक कंप्लीट होगी इन परीक्षाओं के कार्यक्रम में प्रवेशिका उपाध्याय सभी तरह की परीक्षाएं शामिलहैं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से पूरे प्रदेश में शांतिपूर्वक तरीके से बिना किसी गड़बड़ी के परीक्षा के आयोजन की संपूर्ण तैयारी शुरू कर दी है इसके लिए पूरे प्रदेश भर में 6193 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं इन परीक्षा केदो में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के करीब 19 लाख से ज्यादा विद्यार्थी परीक्षा देंगे इन परीक्षा केदो में 51 संवेदनशील परीक्षा केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं इन संवेदनशील परीक्षा केदो में बाकायदा सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध किए जाएंगे और परीक्षार्थियों की सघन तलाशी से लेकर परीक्षा केदो की वीडियो ग्राफी भी नियमित रूप से करवाई जाएगी इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में स्थापित अभय कमांड सेंटर के माध्यम से भी इन संवेदनशील परीक्षा केदो को जोड़ा जाएगा ताकि किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी कोई भी विद्यार्थी या बाहर का व्यक्ति नहीं कर सके जानकारी के अनुसार शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सेक्रेटरी ने परीक्षा तिथि का ऐलान किया इससे पहले जयपुर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की एक बड़ी बैठक आयोजित हुई बैठक के संपूर्ण होने के बाद बोर्ड के सेक्रेटरी गजेंद्र सिंह ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं की तिथि का ऐलान किया जानकारी के अनुसार प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर चाहते हैं कि अगला शैक्षणिक सत्र निर्धारित समय पर शुरू हो और बोर्ड की ओर से आयोजित होने वाली सभी परीक्षाएं पारदर्शक ढंग से संपादित हो तथा निर्धारित समय पर ही बोर्ड की ओर से ली जाने वाली परीक्षाओं का रिजल्ट आए इन सब बातों को लेकर शिक्षा मंत्री इस बार काफी गंभीर हैं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का कहना है कि अगर परीक्षाएं निर्धारित समय पर होगी और निर्धारित समय पर ही तमाम तरह के प्रैक्टिकल होंगे।

## हाई कोर्ट का छात्र संघ चुनाव कराने से इनकार, सरकार को नीति बनाने के लिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में विश्वविद्यालय और कॉलेज में छात्र संघ चुनाव को लेकर राजस्थान हाई कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि छात्र संघ चुनाव संवैधानिक अधिकार है लेकिन यह शिक्षा से ऊपर भी नहीं है हाई कोर्ट ने अपने फैसले में राजस्थान सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया कि अगले शैक्षणिक सत्र में लिंग दोहा कमेटी की सिफारिश के आधार पर छात्र संघ चुनाव करने के लिए निर्धारित समय में शैक्षणिक कैलेंडर जारी करने का भी निर्देश दिया और राजस्थान सरकार को इस मामले में व्यक्तिगत निर्णय लेने के लिए आदेशदिए हाई कोर्ट के इस निर्णय के बाद अब प्रदेश में चालू वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कॉलेज और विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव नहीं हो पाएंगे इसलिए हाई कोर्ट के इस निर्णय से यूनिवर्सिटी प्रशासन और सरकार ने राहत की सास जरूर ली है लेकिन हाईकोर्ट ने अगले शैक्षणिक सत्र में छात्र संघ चुनाव के लिए निर्धारित समय में शैक्षणिक कैलेंडर जारी करने की बात जरूर कही है इसलिए हाईकोर्ट के इस फैसले से यह भी प्रतीत होता है कि हाई कोर्ट छात्र संघ चुनाव नहीं करने को लेकर सहमत तो है लेकिन इसके लिए हाई कोर्ट पहले यह चाहता है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन अगले शैक्षणिक सत्र में निर्धारित समय में कैलेंडर जारी करके उसमें छात्र संघ चुनाव के बारे में भी जरूर प्रावधान रखें और सरकार को भी विशेष कमेटी के माध्यम से नीति तैयार करने की निर्धारित समय में कैलेंडर जारी करके उसमें छात्र संघ चुनाव के बारे में भी जरूर प्रावधान रखें और सरकार को भी इस मामले में जिस तरह से नीतिगत निर्णय लेने को कहा है तो यह भी साफ है कि हाई कोर्ट छात्रों के संवैधानिक अधिकारों को लेकर भी सजग है इसीलिए हाई कोर्ट ने यूनिवर्सिटी प्रशासन और सरकार को अगले शैक्षणिक सत्र के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं हाईकोर्ट ने यह फैसला याचिका करता जय की याचिका पर सुनाया है जानकारी के अनुसार नई शिक्षा नीति में छात्र संघ चुनाव नहीं करवाने के बारे में स्पष्ट तौर पर लिखा हुआ है नई शिक्षा नीति को ही आधार बनाकर विभिन्न यूनिवर्सिटी और कॉलेज छात्रसंघ चुनाव नहीं करवा रहे यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि छात्र संघ चुनाव करवाने से शैक्षणिक गतिविधियों पर बुरा असर पड़ता है और छात्रों की पढ़ाई ठीक तरह से नहीं हो पाती इसके अलावा यूनिवर्सिटी कैंपस में अशांति का माहौल भी रहता है इस तरह की बातें यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से हाईकोर्ट में विभिन्न तारीखों में सुनवाई के दौरान कही गई लेकिन शुक्रवार को हाईकोर्ट ने इस मामले में अंतिम फैसला सुनाते हुए यह तो मन की छात्र संघ चुनाव संवैधानिक अधिकार है लेकिन हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि छात्र संघ चुनाव शिक्षा से ऊपर नहीं है।

## कहानी

### एटम बम

चेतना लौटने लगी। साँस में गंधक की तरह तेज़ बदबूदार और दम घुटाने वाली हवा भरी हुई थी। कोबायाशी ने महसूस किया कि बम के उस प्राण-घातक धड़ाके की गूँज अभी-भी उसके दिल में धँस रही है। भय अभी-भी उस पर छाया हुआ है। उसका दिल ज़ोर-ज़ोर से धड़क रहा है। उसे साँस लेने में तकलीफ़ होती है, उसकी साँस बहुत भारी और धीमी चल रही है। हारे हुए कोबायाशी का ज़र्ज़र मन इन दोनों अनुभवों से खीझकर कराह उठा। उसका दिल फिर ग़फ़लत में डूबने लगा। होश में आने के बाद, मृत्यु के पंजे से छूटकर निकल आने पर जो जीवनदायिनी स्फूर्ति और शांति उसे मिलनी चाहिए थी, उसके विपरीत यह अनुभव होने से ऊबकर, तन और मन की सारी कमज़ोरी के साथ वह चिढ़ उठा। जीवन कोबायाशी के शरीर में अपने अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए विद्रोह करने लगा। उसमें बल का संचार हुआ। कोबायाशी ने आँखें खोलीं। गहरे कुहासे की तरह दम घुटाने वाला ज़हरीला धुआँ हर तरफ़ छाया हुआ था। उसके स्पर्श से कोबायाशी को अपने रोम-रोम में हज़ारों सुइयाँ चुभने का-सा अनुभव हो रहा था। रोम-रोम से चिनगियाँ छूट रही थी। उसकी आँखों में भी जलन होने लगी; पानी आ गया। कोबायाशी ने घबराकर आँखें मीच लीं। लेकिन आँखें बंद कर लेने से तो और भी ज़्यादा दम घुटता है। कोबायाशी के प्राण घबरा उठे। वे कहीं भी सुरक्षित न थे। मौत अँधेरे की तरह उस पर छाने लगी। यह हीनावस्था की पराकाष्ठा थी। कोबायाशी की आत्मा रो उठी। हारकर उसने फिर अपनी आँखें खोल दीं। हठ के साथ वह उन्हें खोले ही रहा। ज़हरीला धुआँ लाल-मिर्च के पाउडर की तरह उसकी आँखों में भर रहा था। लाख तकलीफ़ हो, मगर वह दुनिया को कम-से-कम देख तो रहा है। बम गिरने के बाद भी दुनिया अभी नेस्तनाबूद नहीं हुई–आँखें खुली रहने पर यह तसल्ली तो उसे हो ही रही है। गर्दन घुमाकर उसने हिरोशिमा की धरती को देखा, जिस पर वह पड़ा हुआ था। धरती के लिए उसके मन में ममत्व जाग उठा। कमज़ोर हाथ आप-ही-आप आगे बढ़कर अपने नगर की मिट्टी को स्पर्श करने का सुख अनुभव करने लगे। ...मन कहीं खोया। अपने अंदर उसे किसी ज़बरदस्त कमी का एहसास हुआ। यह एहसास बढ़ता ही गया। आंतरिक हृदय से सुख का अनुभव करते ही उसकी कल्पना दुःख की ओर प्रेरित हुई। स्मृति झकोले खाने लगी। चेतन बुद्धि पर छाए हुए भय से बचने के लिए अंतर-चेतना की किसी बात की विस्मृति का मोटा पर्दा पड़ रहा था। मौत के चंगुल से छूटकर निकल आने पर, पार्थिवता की बोझ-स्वरूप धरती के स्पर्श से, जीवन को स्पर्श करने का सुख उसे प्राप्त हुआ था; परंतु भावना उत्पन्न होते ही उसके सुख में धुन भी लग गए। भय ने नीवें डगमगा दीं। अपनी अनास्था को दबाने के लिए वह बार-बार ज़मीन को छूता था। अंतर के अविश्वास को चमत्कार का रूप देते हुए, इस खुली जगह में पड़े रहने के बावजूद अपने जीवित बच जाने के बारे में उसे भगवान की लीला दिखाई देने लगी। करुणा सोते की तरह दिल से फूट निकली। पराजय के आँसू इस तरह अपना रूप बदलकर दिल में घुमेड़े ले रहे थे। ज़हरीले धुएँ के कारण आँखों में भरे हुए पानी के साथ-साथ वे आँसू भी घुल-मिलकर गाल से ढुलकते हुए ज़मीन पर टपकने लगे। बेहोश होने से कुछ मिनट पहले उसने जिस प्रलय को देखा था, उसकी विकरालता अपने पूरे वज़न के साथ कोबायाशी की स्मृति पर आघात करके उसके टुकड़े-टुकड़े कर रही थी। वह ठीक-ठीक सोच नहीं पा रहा था कि जो दृश्य उसने देखा, वह सत्य था क्या?...धड़ाका! जूड़ी-बुख़ार की कँपकँपी की तरह ज़मीन काँप उठी थी। बम था–दुश्मनों का हवाई हमला। हज़ारों लोग अपने प्राणों की पूरी शक्ति लगाकर चीख़ उठे थे।...कहाँ हैं वे लोग? वे प्राणांतक चीख़ें, वह आर्त्तनाद जो बम के धड़ाके से भी अधिक ऊँचा उठ रहा था–वह इस समय कहाँ है? ख़ुद वह इस समय कहाँ है? और... कुछ खो देने का एहसास फिर हुआ। कोबायाशी विचलित हुआ। उसने कराहते हुए करवट बदलकर उठने की कोशिश की, लेकिन उसमें हिलने की भी ताब न थी। उसने फिर अपनी गर्दन ज़मीन पर डाल दी। हवा में काले-काले ज़र्रे भरे हुए थे। धुओं, गर्मी, जलन, प्यास–उसका हलक़ सूखा जा रहा था। बेचैनी बढ़ रही थी। वह उठना चाहता था। उठकर वह अपने चारों तरफ़ देखना चाहता था। क्या?...यह अस्पष्ट था। उसके दिमाग़ में एक दुनिया चक्कर काट रही थी।

# चीन की दुखती रग दबाने का समय

*हाल में आयोजित कांफ्रेस के आयोजन के पीछे मूल कारण छठे दलाई लामा ग्यालवा त्सांगयांग ग्यात्सो के ऐतिहासिक महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित करना था। छठे दलाई लामा इस मायने में अनूठे थे कि उनका जन्म एक मार्च, 1683 के दिन तिब्बत से बाहर भारत के तवांग क्षेत्र (अरुणाचल) में हुआ था। संयोग से तिब्बत पर 1951 के चीनी कब्जे और बाद में 1959 में चीनी सेना के हाथों पकड़े जाने या हत्या किए जाने के डर से भागे हुए 14वें दलाई लामा ने जब भारत में शरण ली तब तवांग के रास्ते ही भारत में प्रवेश किया था। इसलिए तिब्बत के दो दलाई लामाओं के साथ गहरे संबंध के कारण ही तवांग का विशेष महत्व है। कांफ्रेंस को तवांग में आयोजित किए जाने का भी यही कारण रहा। चीन इस बात से परेशान है कि इस कांफ्रेंस में भारत और तिब्बत के अलावा अमेरिका, जापान, मंगोलिया, इजरायल, कनाडा समेत कई अन्य देशों के नामी गिरामी तिब्बत-विशेषज्ञों, चीनी मामलों के जानकर और बौद्ध धर्म के विद्वानों ने हिस्सा लिया। चीन सरकार के लिए हताशा और तिलमिलाहट का एक कारण यह भी था कि इस सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कन्फेडरेशन (आइबीसी) ने अरुणाचल सरकार के कार्मिक एवं आध्यात्मिक विभाग के माध्यम से किया। इसमें अरुणाचल के थुबतेन शेड्रुबलिंग फाउंडेशन और सेंटर फार कल्चरल रिसर्च एंड डाक्युमेंटेशन जैसी सम्मानित संस्थानों की भी सक्रिय रही।*



कुछ दिन पहले अरुणाचल प्रदेश के तवांग में छठे दलाई लामा के बारे में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में भाग लेने का निमंत्रण मिलने पर मैंने कई पत्रकार और राजनयिक मित्रों को संदेश भेजकर कहा था कि वे चीन सरकार के गुस्से और तिलमिलाहट भरे बयान सुनने के लिए तैयार रहें। यह बात मैंने किसी भविष्यवक्ता होने के नाते नहीं, बल्कि तिब्बत और भारत के बारे में चीनी रवैये और नीतियों पर अपने पांच दशकों के अध्ययन के आधार पर कही थी। हुआ भी वैसा ही। तीन से छह दिसंबर तक चली इस कांफ्रेंस के तीन दिन बाद ही चीन सरकार ने तिब्बत के बारे में अपनी नीति बताने वाली वेबसाइट पर भारत सरकार, अरुणाचल के मुख्यमंत्री और इस कांफ्रेंस के खिलाफ जिस तरह की जहरीली प्रतिक्रिया व्यक्त की वह चीन सरकार के गुस्से, तिलमिलाहट और आक्रामकता की ही अभिव्यक्ति थी कि उसकी दुखती रग दबाई गई है। चीनी सरकार के एक टिप्पणीकार के बयान में अरुणाचल के लिए न केवल चीनी नाम 'झांगमान' और तिब्बत के लिए 'शीझांग' का इस्तेमाल किया गया, बल्कि इस क्षेत्र को 'दक्षिणी तिब्बत' बताते हुए इस कांफ्रेंस को 'दक्षिण-पूर्वी चीन' के हिस्से पर भारत सरकार की ओर से किया गया 'सांस्कृतिक अतिक्रमण' तक बता दिया। हालांकि भारत पर ऐसे आरोप लगाते हुए चीन सरकार इस सच्चाई को पूरी तरह निगल गई कि अरुणाचल प्रदेश को 'दक्षिणी तिब्बत' बताकर उस पर अपना अधिकार जताने के पीछे उसकी एकमात्र दलील केवल यही है कि चीन खुद ही 1951 से तिब्बत पर गैर-कानूनी और औपनिवेशिक कब्जा जमाए बैठा है। दुर्भाग्य से नेहरू काल से लेकर आज तक अरुणाचल प्रदेश और देश हिमालयी सीमा पर चीनी आक्रामकता सहता आ रहा है। किसी भी सरकार ने यह साहस नहीं दिखाया कि वह तिब्बत पर चीन सरकार के गैरकानूनी कब्जे को चुनौती देकर इस विवाद की असली जड़ पर हमला करे।

हाल में आयोजित कांफ्रेस के आयोजन के पीछे मूल कारण छठे दलाई लामा ग्यालवा त्सांगयांग ग्यात्सो के ऐतिहासिक महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित करना था। छठे दलाई लामा इस मायने में अनूठे थे कि उनका जन्म एक मार्च, 1683 के दिन तिब्बत से बाहर भारत के तवांग क्षेत्र (अरुणाचल) में हुआ था। संयोग से तिब्बत पर 1951 के चीनी कब्जे और बाद में 1959 में चीनी सेना के हाथों पकड़े जाने या हत्या किए जाने के डर से भागे हुए 14वें दलाई लामा ने जब भारत में शरण ली तब तवांग के रास्ते ही भारत में प्रवेश किया था। इसलिए तिब्बत के दो दलाई लामाओं के साथ गहरे संबंध के कारण ही तवांग का विशेष महत्व है। कांफ्रेंस को तवांग में आयोजित किए जाने का भी यही कारण रहा। चीन इस बात से परेशान है कि इस कांफ्रेंस में भारत और तिब्बत के अलावा अमेरिका, जापान, मंगोलिया, इजरायल, कनाडा समेत कई अन्य देशों के नामी गिरामी तिब्बत-विशेषज्ञों, चीनी मामलों के जानकर और बौद्ध धर्म के विद्वानों ने हिस्सा लिया। चीन सरकार के लिए हताशा और तिलमिलाहट का एक कारण यह भी था कि इस सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कन्फेडरेशन (आइबीसी) ने अरुणाचल सरकार के कार्मिक एवं आध्यात्मिक विभाग के माध्यम से किया। इसमें अरुणाचल के थुबतेन शेड्रुबलिंग फाउंडेशन और सेंटर फार कल्चरल रिसर्च एंड डाक्युमेंटेशन जैसी सम्मानित संस्थानों की भी सक्रिय रही। आइबीसी को लेकर चीन सरकार की सबसे बड़ी छटपटाहट यह है कि भारत के इस संस्थान ने दो दशकों से चल रहे उन चीनी प्रयासों पर पानी फेर दिया है, जिनका लक्ष्य तिब्बत में अपनी उपस्थिति को आधार बनाकर चीन के 'वर्ल्ड बुद्धिस्ट फोरम' (डब्ल्यूबीएफ) के माध्यम से चीन को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध जगत का सर्वोच्च और एकमात्र प्रतिनिधि स्थापित करना है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सत्ता में आने के बाद ही इस अभियान को लेकर अपनी साख दांव पर लगा दी। चीन को वैश्विक बौद्ध समाज का एकमात्र नेतृत्वकर्ता स्थापित करने के लिए राष्ट्रपति शी भारत में रहने वाले दलाई लामा को दरकिनार कर चीन के कठपुतली पंचेन लामा ग्यालसेन नोरबू को दुनिया का सर्वोच्च बौद्ध नेता स्थापित करने की पुरजोर कोशिशें करते आए हैं। यह बात अलग है कि स्वयं तिब्बती जनता द्वारा ठुकरा दिए गए नोरबू को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध धर्मगुरुओं और विद्वानों के बीच मान्यता नहीं मिल पाई है। दूसरी ओर भारत के आइबीसी ने अपने कई प्रभावशाली आयोजनों के माध्यम से दुनिया भर के वरिष्ठ बौद्ध धर्मगुरुओं को संगठित करने और उन्हें एक मंच पर लाकर भारत को वैश्विक बौद्ध नेतृत्व के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने की दृष्टि से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पिछले कई वर्षों से अगले दलाई लामा के अवतार का चुनाव करने पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के एकाधिकार के प्रयासों को इस साल जुलाई में आइबीसी के अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में दुनिया भर से आए बौद्ध धर्मगुरुओं ने सिरे से ठुकरा दिया था। तवांग कांफ्रेंस के खिलाफ अपने इस तल्खी भरे बयान से एक पखवाड़ा पहले ही चीन ने अरुणाचल की एक भारतीय महिला यात्री को एक चीनी हवाई अड्डे पर महज इस आधार पर अपमानित और परेशान किया था कि उनका पासपोर्ट भारतीय है। चीन का कहना था कि अरुणाचल पर चीनी दावे के हिसाब से उनके पास 'चीनी पासपोर्ट' होना चाहिए था। उससे भी पहले दर्जनों बार चीन सरकार भारत के अरुणाचली खिलाड़ियों को चीनी वीजा देने से मना कर चुकी है और भारतीय राष्ट्रपति से लेकर दलाई लामा की अरुणाचल यात्राओं का भी विरोध कर चुकी है।

## सम्पादकीय

### ग्रामीण इलाकों में रोजगार गारंटी की नई व्यवस्था कितनी सहायक साबित होगी?



देश के ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर आबादी के लिए रोजी-रोटी का इंतजाम एक बड़ी चुनौती रही है। लंबे समय तक इस समस्या के बने रहने का नतीजा यह हुआ कि विकास एक तरह से विभाजित रहा और एक बड़ा तबका मुख्यधारा में शामिल होने की कोशिशों से भी वंचित रहा। मगर जब से गारंटी के रूप में ग्रामीण इलाकों में रोजगार मुहैया कराने की पहल हुई है, उसके बाद से एक बड़ा फर्क दर्ज किया गया। करीब बीस वर्ष पहले महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून यानी मनरेगा लागू हुआ, तो उसके तहत वर्ष में सौ दिन काम की व्यवस्था से गांव-देहात में रहने वाले परिवारों के सशक्तीकरण में उल्लेखनीय मदद मिली। मनरेगा की अहमियत का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कई बार इसे दुनिया भर में एक सीखने लायक कार्यक्रम के तौर पर भी देखा गया। अब केंद्र सरकार ने मनरेगा का रूप बदल कर उसका नाम 'विकसित भारत-रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी 'वीबी- जी राम जी' रखा है और उसमें अब कुछ नए प्रावधान किए गए हैं। इससे संबंधित विधेयक गुरुवार को लोकसभा में पारित हो गया। गौरतलब है कि नई प्रस्तावित व्यवस्था मनरेगा का ही नया स्वरूप होगी, जिसमें ग्रामीण परिवार को सौ दिन के बजाय एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गारंटी की बात की गई है। इसके अलावा, खर्च वहन करने, पारिश्रमिक भुगतान और खेती के दिनों के संदर्भ में नए प्रावधानों की वजह से इस योजना के किसानों और मजदूरों, दोनों के लिए काफी फायदेमंद साबित होने की उम्मीद की जा रही है। मनरेगा के तहत जिन लोगों को काम मिलता है, उनकी मजदूरी का लगभग पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती रही है, जबकि सामान आदि का खर्च एक निश्चित अनुपात में राज्य सरकारें उठाती हैं। अब कुछ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को छोड़ कर 'बीवी- जी राम जी' के तहत होने वाले कुल खर्च का साठ फीसद केंद्र सरकार वहन करेगी और चालीस फीसद राज्य सरकारें उठाएंगी। इस योजना के अंतर्गत खेतों में बुआई और कटाई के मौसम में साठ दिनों के दौरान मजदूरों को काम नहीं मिल सकेगा, ताकि खेती-किसानी के काम के लिए मजदूरों की कमी न हो। इसके अलावा, इस काम में भ्रष्टाचार पर लगाम के लिए मजदूरी के भुगतान में बायोमेट्रिक और अन्य आधुनिक तकनीक की मदद ली जाएगी। जाहिर है, बदलावों के बाद अगर रोजगार गारंटी की व्यवस्था ग्रामीण इलाकों के मजदूरों के लिए सहायक सिद्ध हुई, तो बेशक इसे एक सकारात्मक कदम माना जाएगा। देश की ग्रामीण आबादी के हित में प्रथम दृष्टया यह योजना एक बेहतर पहल लगती है, लेकिन इस संदर्भ में विपक्षी दलों की ओर से कई आशंकाएं भी जताई गई हैं। अगर ग्रामीण इलाकों में काम करने की जगह तय करने से लेकर अन्य मामलों में यह योजना केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित और उसकी शर्तों पर आधारित होगी, तो खर्च का जिम्मा राज्यों पर आएगा।

# राहुल की सीमाएं, प्रियंका की संभावनाएं

*शायद इसलिए भी खुद कांग्रेस के अंदर राहुल से तुलना करते हुए प्रियंका को बड़ी राजनीतिक भूमिका देने की चर्चा फिर जोर पकड़ने लगी है। ओडिशा के पूर्व विधायक मोहम्मद मोक्विम ने उम्र के हवाले से मल्लिकार्जुन खरगे को हटाकर प्रियंका गांधी को कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाने की मांग की। उन्होंने राहुल गांधी पर भी अप्रत्यक्ष निशाना साधा। कांग्रेस ने उन्हें निष्कासित कर दिया। टीम राहुल और टीम प्रियंका में कथित टकराव की चर्चाओं को भाजपा द्वारा हवा देने के राजनीतिक निहितार्थ खोजे जा सकते हैं, पर इससे इनकार नहीं कि दोनों की अपनी-अपनी टीम है और देश-प्रदेश में अपने-अपने पसंदीदा नेता भी। कई प्रसंग बताते हैं कि राहुल और प्रियंका, कांग्रेस में दो सत्ता केंद्र बन गए हैं। माना जाता है कि राहुल को उत्तराधिकारी बनाने तथा पार्टी में दो सत्ता केंद्रों से बचने के मकसद से ही सोनिया ने प्रियंका को परदे के*

वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर संसद में हुई चर्चा में दो भाषणों की बड़ी चर्चा हुई। एक प्रधानमंत्री मोदी का, जिन्होंने कांग्रेस पर तीखे हमले किए। दूसरा, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का। प्रियंका ने मोदी और भाजपा को निशाने पर रखा, पर उसका असर कांग्रेस की आंतरिक राजनीति में भी दिखने लगा है। सदन के नेता के नाते प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम् पर चर्चा की शुरूआत की। अपेक्षित तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से था, पर कांग्रेस की ओर से मोर्चा संभाला प्रियंका ने। ऐसा क्यों हुआ, यह तो कांग्रेस ही बता सकती है, पर मोदी की भाषण कला की प्रशंसा करते हुए भी प्रियंका हास-परिहास के बीच ही तर्कों और तथ्यों के साथ सत्तापक्ष पर कटाक्षों से सदन को प्रभावित करने में सफल दिखीं। राहुल गांधी भी बोले, मगर चुनाव सुधार पर चर्चा में। उन्होंने मुख्यतः वोट चोरी के आरोप दोहराए, जो वह पहले लगाते रहे हैं। उनके भाषण में न तो नए तथ्य-तर्क दिखे और न ही प्रियंका की तरह आक्रामक हुए बिना सत्तापक्ष को कठघरे में खड़ा करने की कला। राहुल वोट चोरी के पुराने आरोप दोहरा भर रहे थे, जबकि प्रियंका वंदे मातरम् विवाद के सभी पहलुओं पर तैयारी करके आई थीं। तथ्यों और तर्कों के साथ अपनी बात कहना ही संसदीय चर्चा की प्रभावी शैली है। प्रियंका ने इसी प्रभावी शैली का परिचय दिया। शायद इसलिए भी खुद कांग्रेस के अंदर राहुल से तुलना करते हुए प्रियंका को बड़ी राजनीतिक भूमिका देने की चर्चा फिर जोर पकड़ने लगी है। ओडिशा के पूर्व विधायक मोहम्मद मोक्विम ने उम्र के हवाले से मल्लिकार्जुन खरगे को हटाकर प्रियंका गांधी को कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाने की मांग की। उन्होंने राहुल गांधी पर भी अप्रत्यक्ष निशाना साधा। कांग्रेस ने उन्हें निष्कासित कर दिया। टीम राहुल और टीम प्रियंका में कथित टकराव की चर्चाओं को भाजपा द्वारा हवा देने के राजनीतिक निहितार्थ खोजे जा सकते हैं, पर इससे इनकार नहीं कि दोनों



की अपनी-अपनी टीम है और देश-प्रदेश में अपने-अपने पसंदीदा नेता भी। कई प्रसंग बताते हैं कि राहुल और प्रियंका, कांग्रेस में दो सत्ता केंद्र बन गए हैं। माना जाता है कि राहुल को उत्तराधिकारी बनाने तथा पार्टी में दो सत्ता केंद्रों से बचने के मकसद से ही सोनिया ने प्रियंका को परदे के पीछे की भूमिका में रखा। सोनिया और राहुल के चुनाव क्षेत्रों में प्रचार और प्रबंधन संभालती रहीं प्रियंका को राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी बनने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। बेशक 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' के नारे के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में ज्यादा महिला उम्मीदवारों पर प्रियंका का दांव नहीं चला। इसके बावजूद पिछले साल रायबरेली से भी निर्वाचित राहुल द्वारा खाली की गई वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में प्रियंका को उम्मीदवार बनाने से उनकी भी जरूरत का संकेत गया। अर्थ निकाला गया कि प्रियंका अपेक्षाकृत अनुकूल दक्षिण भारत में कांग्रेस संभालेंगी, जबकि अध्यक्ष पद से पहले ही मुक्त हो चुके राहुल शेष देश में भाजपा से मोर्चा लेंगे, लेकिन वांछित परिणाम दिखे नहीं। लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद कांग्रेस हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। विपक्षी गठबंधन में सहयोगी दलों के साथ भी कांग्रेस के रिश्ते सहज नहीं हैं। तीन लोकसभा और अनेक विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद संगठन कांग्रेस की प्राथमिकताओं में नजर नहीं आता। खरगे राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, पर अहम् फैसले राहुल ही ले रहे हैं। हरियाणा में पिछले नेता प्रतिपक्ष को ही पुनः चुनने में लगभग पूरा साल लग गया। दरअसल मां सोनिया की कांग्रेस को राहुल अपना नहीं पा रहे और अपनी पसंद की कांग्रेस बनाने का साहस जुटा नहीं पा रहे, जिसका परिणाम नेताओं के पलायन के रूप में भी सामने आ रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी करके अपनी अप्रसन्नता प्रकट करने के साथ ही न्यायपालिका की एक और विसंगति की ओर ही संकेत किया कि सेवानिवृत्ति से ठीक पहले न्यायाधीशों का अनेक आदेश पारित करना अंतिम ओवर में छक्के मारने जैसा है, लेकिन केवल इतने से समस्या का समाधान होने वाला नहीं है। यह कोई नई बात नहीं कि सेवानिवृत्ति से ठीक पहले न्यायाधीशों द्वारा कई आदेश पारित करने का चलन लंबे समय से कायम है। इस पर कई बार प्रश्न उठे हैं। बीते दिनों यह प्रश्न एक याचिका की शक्ल में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष भी पहुंचा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने का आदेश दिया, लेकिन प्रश्न यह है कि



उसने जिस प्रवृत्ति की ओर चिंता जताई, उसका समाधान निकाला जाएगा या नहीं? इसका औचित्य नहीं कि न्यायपालिका की विसंगतियों पर चिंता तो जताई जाए, लेकिन उनका समाधान न निकाला जाए। यह एक तथ्य है कि न्यायपालिका में वैसे सुधार नहीं हो रहे हैं, जैसे अनिवार्य हो गए हैं। जो छोटे-मोटे सुधार हो भी रहे हैं, वे मूल समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। सुगम तरीके से और समय पर न्याय मिलना पहले की ही तरह कठिन बना हुआ है। लंबित मुकदमों का बोझ भी कम होता नहीं दिख रहा है। उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर उठे सवालों का भी कोई समाधान नहीं निकल रहा है। अन्य अनेक समस्याओं के साथ न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ किस तरह कुछ नहीं किया जा पा रहा है, इसका ताजा उदाहरण है भ्रष्टाचार के चलते महाभियोग का सामना कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा का इस शिकायत के साथ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना कि उनके खिलाफ लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित जांच कमेटी नियम विरुद्ध है। इस शिकायत से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव से जवाब भी मांग लिया। इस याचिका पर अंतिम निर्णय् जो भी हो, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि वह गंभीर आरोपो से घिरने के बाद भी अपने पद पर बने हुए हैं। हाल-फिलहाल उनके मामले का निपटारा होने के कोई आसार नहीं। यह ध्यान रहे कि कदाचार के आरोपों से घिरे उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीशों को महाभियोग के जरिये ही हटाया जा सकता है और अभी तक किसी जज के मामले में वह सफल नहीं हो सका है। इसका यह मतलब नहीं कि न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के जो आरोप लगे, उनमें कोई सत्यता नहीं थी।

## सामोद के वीर हनुमान मंदिर का होगा कायाकल्प, 9.15 करोड़ रुपये स्वीकृत

### पूर्व विधायक शर्मा ने जताया मुख्यमंत्री व स्वायत्त शासन मंत्री का आभार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से सामोद स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल वीर हनुमान जी (खोल) के दर्शनार्थियों की सुविधा और मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु विभिन्न विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ 15 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा का आभार व्यक्त किया है। ?जेडीए की ओर से मंदिर क्षेत्र में ?सुरक्षा की दृष्टि से 2.52 करोड़ रुपये की लागत से रिटेनिंग वॉल बनाई जाएगी, सुरक्षा के लिए नई बाउंड्री वॉल का निर्माण और पुरानी दीवारों को ऊँचा करने का कार्य लगभग 1.87 करोड़ रुपये से किया जाएगा, श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु 96.58 लाख की लागत से सीसी रोड और 1.68 करोड़ की लागत से आधुनिक पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य 1.28 करोड़ रुपये और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो नए टॉयलेट ब्लॉक्स 46.81 लाख रुपये का निर्माण भी शामिल है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने ?कहा कि राजस्थान सरकार धार्मिक पर्यटन और आस्था के केंद्रों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से सामोद मंदिर के लिए स्वीकृत यह बजट न केवल यहाँ की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि इससे स्थानीय पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

## मारोठ में चाइनीज मांझे से किसान की गर्दन कटी

जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** मारोठ क्षेत्र में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। बीजापुरा निवासी गंगाराम पुत्र गोवर्धन राम की मोटरसाइकिल चलाते समय गर्दन कट गई, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में कुचामन रेफर किया गया है। परिजनों के अनुसार, गंगाराम बीजापुरा से मारोठ यूरिया खाद लेने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे। मारोठ में भेरूजी मंदिर के पास अचानक चलती मोटरसाइकिल में चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में उलझ गया और उसे काट दिया। इससे वह खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल गंगाराम को मारोठ चिकित्सालय पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें कुचामन रेफर कर दिया गया। परिजनों को भी घटना की सूचना दी गई। स्थानीय लोगों ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रशासन की कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरकार की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद यह खुलेआम बिक रहा है, जिससे वाहन चालकों सहित आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन की लापरवाही को आम लोगों की जान पर भारी बताया।

## रेनवाल प्रीमियर लीग-1प्रथम का आगाज का शुभारंभ आज

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** डिग्गी मालपुरा स्टेट हाईवे पर स्थित रोहिणी नगर प्रथम रेनवाल मांजी में रेनवाल प्रीमियर लीग -1प्रथम का सर्व समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता में 10 टीम में भाग ले रही है। रेनवाल प्रीमियर लीग -1 का आयोजन प्रातः 9:30 बजे होगा। जिसमें एंट्री फीस 3100 रुपये रखी गई है। पूरा क्रिकेट मैच यूट्यूब पर लाईव स्कोरिंग दिखाया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम द रॉयल वॉरियर्स,आजाद इलेवन, गुर्जर आर्मी, क्रिकेट लेजेंड, वीर तेजा इलेवन, मीणा वॉरियर्स, बैरवा ब्रदर्स, दक्ष केपिटल्स, आर आर इलेवन, बाबा क्रिकेट क्लब की ओर से खेला जाएगा। विजेता टीम को 21000 व उप विजेता टीम को 11000 की राशि दी जाएगी।

## अभिनेष महर्षि का किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि के जन्म दिवस के उपलक्ष में गत शाम को स्थानीय दुलिया बास स्थित गौड़ भवन में विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ द्वारा उनका स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दीपक कौशिक, तवीश मिश्रा, विनय माटोलिया, मनीष दाधीच, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष गोरव इंदोरिया, विप्र फाउण्डेशन के अध्यक्ष राजेंद्र सुंदरिया, हेमेन्द्र पुजारी सालासर, बृजमोहन सुरोलिया, रमेश जोशी, अभिषेक दाधीच, पं. धर्मेन्द्र शर्मा, आशीष चोटिया, हर्षित शर्मा, रामनिवास इंदोरिया, अशोक तिवाड़ी आदि ने अभिनेष महर्षि का स्वागत करते हुए उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। महर्षि ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम के बाद अग्रसेन भवन में पहुंचकर अभिनेष महर्षि ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण भी किया।

## ढींढाल में बाबा विश्वनाथ मंदिर में धर्म चर्चा, स्वास्थ्य व समय के महत्व पर दिया संदेश

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव ढींढाल स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर में धर्म चर्चा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महाराज दशहरा नाथ व महाराज संपत नाथ ने भक्तों को संबोधित करते हुए जीवन में स्वास्थ्य, समय और आध्यात्मिक चिंतन के महत्व पर प्रकाश डाला। महाराज दशहरा नाथ ने अपने प्रवचन में कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। स्वस्थ रहने के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने भोजन से पहले और बाद में बैठने वाले आसनों की जानकारी देते हुए कहा कि हमेशा गर्म पानी पीने की आदत अपनानी चाहिए, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने समय के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समय का चक्र निरंतर चलता रहता है, न सुख स्थायी है और न ही दुख। समय सबका आता है--चाहे वह इंसान हो, पशु-पक्षी हो या अन्य जीव। महाराज संपत नाथ ने कहा कि ईश्वर में ध्यान लगाने वाले व्यक्ति सदैव प्रसन्न रहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि साधु-संतों के पास जो कुछ भी है, वह गृहस्थ समाज की बदौलत है, इसलिए गृहस्थ जीवन भी एक बड़ा धर्म है और उसका सम्मान होना चाहिए। धर्म सभा में एडवोकेट गायत्री पूनिया, राजकुमार मील, सुनीता मील, एडवोकेट गौरव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभा के समापन पर महाराज संपत नाथ ने सभी उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

# नावां में ओवरलोड और अवैध बजरी परिवहन से बढ़ा हादसों का खतरा

### क्षमता से अधिक माल ढो रहे वाहन, नियमों की उड़ रही धज्जियां

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर (निस)।** उपखण्ड मुख्यालय नावा में इन दिनों सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन आमजन के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। शहर व आसपास के क्षेत्रों में भारी वाहनों, विशेषकर ट्रेलर और डंपरों में क्षमता से कहीं अधिक माल भरकर बेखौफ परिवहन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि ऐसे ओवरलोड वाहन प्रतिदिन एसडीएम कार्यालय के ठीक सामने से गुजरते हैं, इसके बावजूद परिवहन विभाग और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। ओवरलोड ट्रेलरों में निर्धारित क्षमता से कई गुना अधिक माल लादकर सड़कों पर उतारा जा रहा है। इससे न केवल सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, बल्कि आम लोगों की जान भी जोखिम में पड़ रही है। भारी वजन के कारण कई बार वाहनों का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे बड़े हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद न तो परिवहन विभाग सक्रिय नजर आ रहा है और न ही पुलिस प्रशासन इन पर प्रभावी नियंत्रण कर पा रहा है। क्षेत्र में आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, जिनका मुख्य कारण ओवरलोड वाहन बताए जा रहे हैं। कुछ पैसों के लालच में वाहन संचालक क्षमता से अधिक माल भरकर ले जाते हैं और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सड़क किनारे चलने वाले राहगीर, दुपहिया वाहन चालक और स्कूली बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब रात के समय अवैध बजरी परिवहन तेज हो जाता है। जानकारी के अनुसार रात 8 बजे के बाद क्षेत्र में अवैध बजरी से भरे वाहन धड़ल्ले से दौड़ते हैं। अंधेरे का फायदा उठाकर ये वाहन बिना किसी रोक-टोक के निकल जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय ओवरलोड और अवैध बजरी से भरे वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। नागरिकों का यह भी कहना है कि प्रशासन और परिवहन विभाग लापरवाही के कारण ही ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। यदि समय रहते इन पर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। फिलहाल नावा की सड़कों पर ओवरलोड वाहनों का यह सिलसिला जारी है और प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग कब जागते हैं।

## हाईकोर्ट ने दी राहतः एसडीएम कार्यालय सहायक की चुनाव इ्यूटी आदेश पर अंतरिम रोक

जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नावा उपखण्ड कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक रामप्रसाद कुमावत की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके स्थानांतरण व चुनाव ड्यूटी से संबंधित आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति मुन्नूरी लक्ष्मण ने 19 दिसंबर 2025 को यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता रामप्रसाद कुमावत, पुत्र स्वर्गीय गिरधारी लाल कुमावत, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी सिकौथड़ी कोठी, रिक्सा ग्राम, तहसील नावा, जिला नागौर ने न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर पक्ष रखा। याचिका में बताया गया कि वे उपखण्ड मजिस्ट्रेट (एसडीएम) नावा कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। याचिकाकर्ता को 17 दिसंबर 2025 के आदेश से निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, लाडनूं (जिला डीडवाना-कुचामन) कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया था। याचिकाकर्ता की आपत्ति थी कि यह स्थानांतरण एक ऐसे एसडीएम पत्र के आधार पर किया गया, जिसे आधिकारिक रूप से संप्रेषित नहीं किया गया था। साथ ही जिस स्थान पर चुनाव ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करने को कहा गया, वह वर्तमान पदस्थापन स्थल से लगभग 150 किलोमीटर दूर है, जिससे उन्हें अनावश्यक कठिनाई हो रही है। याचिकाकर्ता ने यह भी दलील दी कि स्थानीय स्तर पर कई अधिकारी उपलब्ध हैं, जिन्हें इस प्रकार की चुनावी ड्यूटी सौंपी जा सकती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने 17 दिसंबर के विवादित आदेश पर रोक लगा दी। हालांकि न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि प्रशासन चाहे तो याचिकाकर्ता को उसी संभाग में, जहां वह कार्यरत है, चुनाव से संबंधित गैर-मैदानी (नॉन-फील्ड) ड्यूटी सौंप सकता है, जिससे सार्वजनिक संपर्क से बचा जा सके। न्यायालय ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी 2026 को निर्धारित की है। सरकार की ओर से अधिवक्ता एस.आर. पालिवाल ने कैविएट के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराते हुए नोटिस स्वीकार किया। साथ ही प्रतिवादी पक्ष को जवाब दाखिल करते समय अंतरिम आदेश को निरस्त कराने की स्वतंत्रता दी गई है।

## नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता व्याख्यान आयोजित

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** कस्बे के रूकमणी देवी रामदेव लढ़ा राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को नई किरण नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत स्थापित नशा मुक्ति केन्द्र पर विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा स्वस्थ, सकारात्मक जीवन शैली के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री मुकेश चौधरी, उप-अधीक्षक, कुचामन सिटी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशों के विभिन्न प्रकारों, युवाओं पर पड़ने वाले उनके दुष्प्रभाव, सामाजिक व पारिवारिक जीवन पर होने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राज्य एवं केन्द्र सरकार की ओर से नशामुक्ति के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों व अभियानों की जानकारी देते हुए व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विकास समिति के सदस्य चन्द्रशेखर शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे से दूरी बनाए रखने, सही संगति अपनाने और लक्ष्यपूर्ण जीवन जीने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ही समाज का भविष्य है, इसलिए उनका नशामुक्त रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वन्दना चौधरी एवं मुख्य वक्ता श्री मुकेश चौधरी ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। साथ ही दस सखा-सखी को नशामुक्ति किट का वितरण भी किया गया, जिससे वे अपने आसपास के युवाओं को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. गजेन्द्र कुमार जागिड़ ने किया। जबकि कार्यक्रम के समापन पर डॉ. राजेश चौधरी ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य आशा नागर व गुमानाराम सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रथ यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंची सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं

## विधायक कुलदीप धनखड़ ने सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आयोजित रथ यात्रा ग्राम पंचायत छपड़ा खुर्द, बाड़ीजोड़ी, चिमनपुरा, साईवाड़ एवं नाथावाला पहुंची। रथ में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। विधायक धनखड़ ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। इन योजनाओं का सीधा लाभ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को मिल रहा है, जिससे आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी उद्देश्य से रथ यात्रा के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने भी योजनाओं की जानकारी मिलने पर संतोष व्यक्त किया और अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। कार्यक्रम में विराटनगर रथ यात्रा संयोजक गिर्राज शर्मा, त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष प्रमोद सैनी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सरदारमल यादव, साईवाड़ पंचायत प्रशासक विक्रम नारनौलिया, बाड़ीजोड़ी पंचायत प्रशासक अनिल शर्मा, त्रिवेणी मंडल उपाध्यक्ष भागीरथ टाटला, पूर्व जिला पार्षद जयसिंह पारीक, त्रिवेणी मंडल प्रवक्ता संतोष कुमावत, त्रिवेणी मंडल महामंत्री श्रवण स्वामी, किसान नेता फूलचंद बड़बड़वाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 30 वर्षों बाद ग्रामीणों को मिला रास्ते का विधिक सुखाधिकार

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** सिनोदिया ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में प्रशासन की सक्रिय पहल से सिनोदिया व पणिहारी गांवों के बीच आवागमन के लिए पिछले लगभग 30 वर्षों से प्रचलित मार्ग को आखिरकार विधिक पहचान मिल गई। आपसी सहमति के अभाव में अब तक राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पाने से काश्तकारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। शिविर के दौरान प्रशासन की ओर से दोनों पक्षों में सहमति स्थापित कराते हुए 2.5 किलोमीटर लंबे रास्ते का राजस्व अभिलेखों में विधिवत अंकन कराया गया। इससे मार्ग को स्थायी पहचान मिली और 500 से अधिक काश्तकारों को सीधा लाभ पहुंचा। अब आवागमन के साथ-साथ कृषि कार्यों में भी सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी। उपखण्ड अधिकारी ऋषिराज कपिल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों के माध्यम से वर्षों से लंबित जनसमस्याओं का सहमति आधारित, पारदर्शी व त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। सिनोदिया, पणिहारी मार्ग का राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज होना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीणों को स्थायी राहत मिली है। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल, तहसीलदार सृष्टि जैन सहित राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि दशकों से लंबित समस्या का समाधान संवेदनशीलता व निष्पक्षता के साथ कर प्रशासन ने सुशासन का परिचय दिया है। रास्ते के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज होने से अब भविष्य में किसी प्रकार का विवाद नहीं रहेगा।

## राजकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय जीएचएस राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वोगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन प्राचार्य विनीता चौधरी की अध्यक्षता में हुआ। जिसका उद्देश्य छात्र- छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य, गायन, नाटक, कविता पाठ, लोकनृत्य आदि प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा व प्रार्थना से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस. आर बालान व संयोजक धन्नाराम जानूं रहे। प्राचार्य विनीता चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व क्षमता को सुदृढ बनाती हैं। उन्होनें सभी प्रतिभागियों व आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राधिका शेखावत, द्वितीय मनीषा मेघवाल, तृतीय माधवी रही। नाटक में प्रथम -तुम क्या बनोगे, द्वितीय स्थान पर -बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ, तृतीय -शोसल मिडिया.. विषय पर प्रस्तुत नाटक रहे। आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ललिता प्रजापत, द्वितीय स्थान पर पूनम शर्मा और तृतीय स्थान योगिता रहीं। एकल गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राघव शर्मा, द्वितीय स्थान हर्षिता नागपुरिया तथा रेखा माली रहीं। समूह गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हर्षिता व रेखा माली तथा द्वितीय स्थान पर कनिका, कृष्णा, ज्योति, सुमन रहीं। विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पिंकी, द्वितीय स्थान पर चन्द्रकला तथा तृतीय स्थान पर पवित्रा व पूनम कोठारी रहीं। एकल नृत्य प्रतियोगिता में अमित चोटिया प्रथम, पूनम लुहार द्वितीय तथा जयवन्त नाई तृतीय स्थान पर रहें। समूह नृत्य प्रतियोगिता में अजय, विजय प्रथम, निर्मला माखर, गुंजन चौधरी द्वितीय तथा भगवती, नेहा, खुशी व नव्या तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के संचालन विजय सिंह, द्विव्या जांगिड़ ने किया। धन्यवाद ज्ञापन धन्नाराम जानू ने दिया।

## विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी को लेकर किसान यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** ग्राम बालरासर आथुणा के किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग के नेतृत्व में शुक्रवार को जोधपुर डिस्कॉम निगम कार्यालय में वोल्टेज कम आने, बार-बार ट्रिपिंग को लेकर और ग्राम बालरासर आथुणा में जीएसएस स्वीकृत करवाने को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के बाद अधीक्षण अभियंता आर पी वर्मा ने किसानों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की। यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग की अगुवाई में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कम वोल्टेज आने व बार बार ट्रिपिंग के चलते किसानों के कुओं की मोटरें जलने से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है और पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं होने से किसानों की फसलें खराब हो रही है। जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि अधीक्षण अभियंता ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर आज ही पीथीसर जीएसएस पर फीडर अलग करने, घंटेल से अलग विद्युत लाईन खिंचवाने तथा बालरासर आथुणा में नया जीएसएस स्वीकृत करवाने का प्रस्ताव बनाने की बात कही। इस दौरान किसानों के प्रतिनिधि मण्डल में भारतीय किसान यूनियन के ओमप्रकाश, जयलाल, सुनील, सुशील, सीताराम, महेंद्र, रामूराम, ओमप्रकाश, दीपचंद, भगताराम, सुरेश कुमार, जगदीश, सुभाष, बाबुलाल, भालाराम, श्रवण, राजूराम, धर्मचंद और मांगीलाल सहित बड़ी संख्या में किसान युनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## व्हाट्सऐप पर आए फर्जी SBI YONO लिंक से साइबर ठगी, खाते से 50 हजार उड़ाए

जयपुर टाइम्स

पाटन(निस)। साइबर ठगों की ओर से नए-नए तरीकों से आम लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। पाटन तहसील के हसामपुर गांव निवासी इंदर सिंह तंवर के बैंक खाते से बिना अनुमति के 50 हजार रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित ने इसे साइबर फ्रॉड बताते हुए बैंक और साइबर सेल में शिकायत दी है। पीड़ित इन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि 18 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल पर SBI YONO ऐप से संबंधित एक लिंक व्हाट्सऐप पर आया लिंक पर क्लिक करते ही एक फाइल डाउनलोड हो गई। इसके करीब आधे घंटे बाद एक अज्ञात कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने ओटीपी आदि पूछने की कोशिश की, लेकिन पीड़ित ने कोई जानकारी साझा नहीं की। इसके बावजूद कुछ समय बाद मोबाइल पर बैंक से मैसेज आया कि उनके खाते से 50,000 की राशि निकाल ली गई है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने किसी को भी ओटीपी या बैंक विवरण नहीं दिया, इसके बावजूद उनके खाते से रकम निकल गई, जिससे यह मामला पूरी तरह साइबर हैकिंग और अनधिकृत ट्रांजेक्शन का प्रतीत होता है। इंदर सिंह तंवर ने अपने खाते से संबंधित बैंक स्टेटमेंट, व्हाट्सऐप स्क्रीनशॉट और अन्य डिजिटल साक्ष्य बैंक को सौंपते हुए राशि रिकवरी और जांच की मांग की है। साथ ही साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## वार्ड 28 में नया ट्रांसफार्मर लगा, बिजली संकट से मिली राहत



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** कड़ाके की ठंड के बीच बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे वार्ड 28 के निवासियों को बड़ी राहत मिली है। पार्षद नंदकिशोर भार्गव की पहल पर जोधपुर डिस्कॉम ने क्षेत्र में पुराने ट्रांसफार्मर को हटाकर वहां पर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया है। गौरतलब है कि सर्दी में हीटर और गीजर के लोड के कारण पुराना ट्रांसफार्मर बार-बार ट्रिप हो रहा था। पार्षद भार्गव ने जनहित में जेईएन राकेश जोशी से संपर्क कर समस्या समाधान का आग्रह किया। विभाग की त्वरित कार्रवाई के बाद नया ट्रांसफार्मर लगने से अब विद्युत आपूर्ति सुचारू हो गई है। पार्षद और वार्डवासियों ने त्वरित कार्रवाई के लिए जेईएन जोशी व डिस्कॉम टीम का आभार जताया है।

## तारानगर इलाके में विकास रथ का भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** राजस्थान सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार की ओर से 2 वर्षों में प्रदेश के अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति, किसान, मजदूर, गरीब, कमजोर वर्ग के लिए शुरू की गई योजनाओं की जानकारी व आम जनता के लिए किए गए विकास कार्यों की संपूर्ण जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सुशासन पंखवाड़ा कार्यक्रम के अतर्गत राज्य सरकार की ओर से संपूर्ण प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा मुख्यालयों से शुरू किए गए सुशासन विकास रथ कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को तारानगर मुख्यालय से शुरू किया गया जो झाड़सर कांधलान, मेघसर, नेठवा, भनीन पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। बड़ी डिजिटल स्क्रीन पर राज्य सरकार की ओर से शुरू की गई संपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। रथ में सवार अधिकारियों ने इलाके संबधित मुख्य मांग जो प्रत्येक वर्ग के लिए लाभदायक हो का सुझाव लिया गया जो सीधा मुख्यमंत्री के पास जाएगा। इस मौके पर सुनील भाकर, राजेंद्रसिंह राठौड़ गिरवरसिंह, जयवीर गोदारा, पूर्व मदनसिंह राठौड़, ओमकार दास स्वामी, ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप छिंपा आदि ने रथ का भव्य स्वागत किया।

## उपभोक्ता अधिकारों पर किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत सरस्वती शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में ग्राहक जागरूकता व उपभोक्ता अधिकार विषय पर एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ पीके पांडिया ने वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, लिंक फ्रॉड व उपभोक्ता मामलों में हो रही धोखाधड़ी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए तथा राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन व ऑनलाइन शिकायत प्रणाली की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेश शर्मा ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत चूरू के जिलाध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा का स्वागत किया। वैद्य महेन्द्र शर्मा ने उपभोक्ता अधिकारों, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और ग्राहक पंचायत के उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही शोषण से सुरक्षित रह सकता है। इस अवसर पर कविता शर्मा, हरि प्रसाद प्रजापत, जयश्री पांडिया, रोहित, मोहित सैनी व विकास सैनी सहित महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को जागरूक उपभोक्ता बनने का संकल्प दिलाया गया।

## रतनगढ़ के अंजनी माता मंदिर में चोरी

### चांदी के छत्रों सहित पूजा-सामग्री ले गए चोर

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** मेगा हाइवे पर सरदारशहर सड़क मार्ग स्थित अंजनी माता मंदिर में चोरों ने चांदी के छत्रों सहित पूजा सामग्री की चोरी कर ली। सूचना पर रतनगढ़ पुलिस ने भी मौका मुआयना किया और घटना की जानकारी ली। पुजारी अरुण शर्मा ने बताया कि चोरों ने छत का दरवाजा तोड़कर मंदिर में प्रवेश किया और मंदिर के दो दान पात्रों को तोड़कर नकदी, पांच चांदी के छत्रों सहित अन्य पूजा सामग्री की चोरी कर ली। घटना की सूचना पुजारी ने विश्व हिंदू परिषद के महावीर महर्षि को दी। महर्षि की सूचना पर सब इंस्पेक्टर गिरधारीलाल व हैड कांस्टेबल भंवरलाल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मौके से दो लोगों के पदचिन्ह भी उठाए हैं। चोरी की घटना के बाद चोर खेतों के रास्ते से होते हुए मौके से फरार हो गए।

## 28 साल बाद भी विकास से कोसों दूर बालाजी विहार-35, बदहाली का सच

# योजनाएं फाइलों में दफन, कॉलोनी अंधेरे में डूबी, बालाजी विहार 35 से सिस्टम का विश्वास टूटा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** न्यू ट्रांसपोर्ट नगर, टोडी मोड़ शहर के बीचों-बीच स्थित बालाजी विहार-35 कॉलोनी आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित होकर प्रशासनिक उपेक्षा की मिसाल बनी हुई है। वर्ष 1996 में गणपति गृह निर्माण समिति की ओर से विकसित की गई इस कॉलोनी में वर्तमान में 60 से 65 प्रतिशत आबादी निवास कर रही है, लेकिन 28 वर्षों बाद भी यहां न तो पक्की सड़क है, न सीवरेज, न सरकारी जलापूर्ति, न कचरा प्रबंधन और न ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था। हालात ऐसे हैं मानो यह कॉलोनी शहर का हिस्सा ही न हो।

### 90A से बाहर, योजनाओं से दूर:

स्थानीय लोगों के अनुसार बालाजी विहार-35 को आज तक 90A में शामिल नहीं किया गया। इसी कारण यह क्षेत्र किसी भी सरकारी योजना की परिधि में नहीं आ पाया। कॉलोनीवासियों का कहना है कि वे नियमित रूप से टैक्स तो अदा कर रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं





### सीवरेज और पानी का संकट:

सीवरेज लाइन के अभाव में गंदा पानी खुले में बहता रहता है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। सरकारी जलापूर्ति लाइन आज तक नहीं बिछाई गई। कॉलोनीवासियों ने आपसी सहयोग से एक बोरवेल जरूर लगवाया, लेकिन वह पूरी कॉलोनी की जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहा। गर्मियों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं।

### बिजली और रोशनी भी नदारद:

निवासियों का आरोप है कि बिजली बिना किसी पूर्व सूचना के दिन में भी काट दी जाती है। वहीं कॉलोनी में एक भी सरकारी स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात के समय अंधेरा छाया रहता है, जिससे सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है।

### पार्क और सफाई व्यवस्था का अभाव:

कॉलोनी के नक्शे में पार्क का प्रावधान था, लेकिन आज उसका कोई अस्तित्व नहीं बचा है। बच्चों के खेलने और बुजुर्गों के टहलने के लिए एक भी सुरक्षित स्थान नहीं है। वहीं नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ी आज तक कॉलोनी में नहीं पहुंची। न डस्टबिन हैं, न नियमित सफाई, जिससे गंदगी और बदबू आम हो चुकी है।

### कालोनी निवासियों की यह प्रमुख मांगें:

कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से बालाजी विहार-35 को तत्काल 90 में शामिल करने, पक्की सड़क, सीवरेज और जलापूर्ति व्यवस्था शुरू करने, बिजली समस्या के समाधान व स्ट्रीट लाइट लगाने, पार्क को पुनः विकसित करने और नियमित कचरा उठाव की मांग की है।

### 28 साल का इंतजार:

निवासियों का कहना है कि वे कोई विशेष सुविधा नहीं, बल्कि वही मूलभूत अधिकार मांग रहे हैं जो हर शहरी नागरिक को मिलने चाहिए। 28 वर्षों बाद भी इंतजार करना अब अपमान जैसा लगने लगा है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन अब इस बदहाली की सुध लेगा या बालाजी विहार-35 यूं ही विकास की मुख्यधारा से कटकर रह जाएगी।

### कच्ची गलियों में जीवन:

पूरी कॉलोनी में एक भी पक्की सड़क नहीं है। बरसात के मौसम में गलियां कीचड़ से भर जाती हैं, जबकि गर्मी में उड़ती धूल लोगों के घरों और स्वास्थ्य के लिए खतरा बन जाती है। एंबुलेंस, स्कूल वैन और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों का कॉलोनी में प्रवेश करना भी मुश्किल हो जाता है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभा स्थल का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** तारानगर के आईजी एनपी परिसर में 23 दिसंबर को कस्बे के उप जिला अस्पताल के नए भवन के शिलान्यास व विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। इससे पहले नेताओं कस्बे के चौधरी गेस्ट हाउस में एक बैठक की जिसमें सभी को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। 23 दिसम्बर को ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम में पहुँचने की अपील की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में तारानगर नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों व मरुस्थलीय जिला घोषित होना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है उनका सम्मान करने के लिए हम सभी को अधिकाधिक संख्या में पहुंचना है। भाजपा नेता राकेश जांगिड ने कहा कि 23 दिसंबर को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी हमारे बीच पधार रहे हैं। उपजिलाअस्पताल का शिलान्यास से लेकर जलदाय विभाग में हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन होगा। जांगिड़ ने अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुँचने की अपील की। इस अवसर पर लीलाधर प्रजापत, त्रिलोक रैगर, सरपंच रमेश लोटासरा, किशन मेघवाल, राकेश शर्मा, पार्षद सुशील सरावगी, हरि इंदौरिया, राकेश टाक, रामावतार सैनी, विजय सोनी सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिविर में जन समस्याओं का मौके पर ही समाधान

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 के अन्तर्गत वार्ड नं. 22 से 28 तक का शिविर नगर परिषद हॉल में आयोजित किया गया। शिविर में 11 पट्टा पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 19, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 4, जीवीपी 6, नाली मरम्मत 1, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 52, जनआधर संशोधन व अद्यतन 16, एन.एफ.एस.ए. आधार सिडिंग, ई-केवाईसी. 3, प्रधानमंत्री स्वनिधि 6, स्ट्रीट लाईट मरम्मत 4 के प्रकरण प्राप्त हुऐ, जिनको निस्तारित किये गये। इसी प्रकार उर्जा विभाग के विद्युत सप्लाई में व्यवधान के 2, ढीले तारों को व्यवस्थित 1, पेयजल पाईलाईन लीकेज 2 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको निस्तारण किया गया है। शिविर में पार्षद पुरूषोतम शर्मा, रिछपाल बिजारणिया, पूर्व उप सभापति बाबुलाल कुलदीप, पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, सहायक अभियंता चारवी व नगर परिषद के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## 8 वीं जूनियर राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** 8वीं जूनियर राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन समारोहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय खेल मैदान में विधायक मनोज न्यांगली ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री सुमित्रा पुनिया, सीबीओ सुमन जाखड़, भाजपा नेता महावीर पुनिया पूर्व जिला प्रमुख सुरेन्द्र स्वामी, पूर्व चेयरमैन नंद किशोर मरोदिया, डॉक्टर हर्षिता, नीलम सहित संघ पदाधिकारी एवं खेल अधिकारी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए, क्योंकि हर खिलाड़ी देश का भविष्य होता है। सीबीओ सुमन जाखड़ ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यहां से हर खिलाड़ी कुछ न कुछ सीखकर जाएगा—या तो जीत मिलेगी या अनुभव। जीत तात्कालिक होती है, जबकि अनुभव जीवनभर काम आता है। विधायक मनोज न्यांगली ने कहा कि खेल में किसी भी प्रकार का 'खेला' नहीं होना चाहिए। खिलाड़ियों को निष्पक्ष निर्णय देने चाहिए और ईमानदारी से खेल को खेलना व खिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है, लेकिन 19 हजार 600 खिलाड़ियों में से केवल कुछ को ही यह राशि मिल पाई है। शेष खिलाड़ियों को जल्द प्रोत्साहन राशि दिलाने की मांग उन्होंने उठाई और बताया कि इस विषय को लेकर जयपुर में हुई खेल बैठक में भी उन्होंने प्रमुखता से बात रखी है। प्रतियोगिता में 16 गर्ल्स और 16 बॉयज की टीमों में कुल करीब 160 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में खेल ध्वज फहराकर खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई। आयोजक केडी कृष्ण दत्त शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश पुनिया ने किया।

### बार एसोसिएशन जयपुर चुनाव:

# उमेश चौधरी बने महासचिव, दूसरे प्रयास में 62 मतों से दर्ज की जीत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** बार एसोसिएशन, जयपुर के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में अधिवक्ताओं ने स्पष्ट बहुमत के साथ एडवोकेट उमेश चौधरी को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई और बार परिसर में बधाइयों का दौर शुरू हो गया। एडवोकेट उमेश चौधरी ने अपने दूसरे प्रयास में यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 62 मतों से पराजित करते हुए कुल 1183 मत प्राप्त किए। मतगणना के दौरान अंत तक मुकाबला रोचक बना रहा, लेकिन अंतिम परिणाम में अधिवक्ताओं ने उमेश चौधरी के नेतृत्व और कार्यशैली पर भरोसा जताया। इधर हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी व राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने भी बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित महासचिव उमेश चौधरी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। पूनिया ने उम्मीद जताई कि उमेश चौधरी बार एसोसिएशन को नई ऊंचाईयों तक ले जाएंगे।





### बार परिसर में जश्न का माहौल:

चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने माला पहनाकर और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि उमेश चौधरी के नेतृत्व में बार एसोसिएशन, जयपुर नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगी।

### 2007 में एलएलबी, वर्षों की सक्रिय वकालत का मिला फल:

एडवोकेट उमेश चौधरी ने वर्ष 2007 में राजस्थान विश्वविद्यालय से एलएलबी की शिक्षा प्राप्त की थी। इसके बाद से वे निरंतर अधिवक्ता हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय रहे हैं। बार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों, आंदोलनों और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सहभागिता को अधिवक्ताओं के बीच व्यापक समर्थन मिला, जिसका असर इस चुनाव में साफ दिखाई दिया।

### अधिवक्ता हित सर्वोपरि रहेंगे: उमेश चौधरी

जीत के बाद एडवोकेट उमेश चौधरी ने बार एसोसिएशन, जयपुर के सभी अधिवक्ता साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे अधिवक्ता समुदाय की है। उन्होंने कहा कि वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, बार एसोसिएशन को और अधिक सशक्त व संगठित बनाने, तथा न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा अधिवक्ताओं की समस्याओं, सुविधाओं के विस्तार और बार-बेंच के समन्वय को प्राथमिकता दी जाएगी।

## खेत में मृत मिला लेपर्ड, हार्ट और लंग्स की बीमारी से मौत



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियाँ(निस)।** बिजौलिया उपखंड के मानपुरा गांव में शुक्रवार सुबह एक खेत में लेपर्ड का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लेपर्ड के शव को कब्जे में लेकर बिजौलिया स्थित वन विभाग कार्यालय लाया गया, जहां पशु चिकित्सकों की टीम की ओर से पोस्टमॉर्टम करने के बाद दाह संस्कार किया गया। रेंजर विमल रेगर ने बताया कि मानपुरा निवासी रामलाल धाकड़ की खातेदारी भूमि में घास के बीच लेपर्ड का शव पड़ा हुआ मिला। लेपर्ड के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट या संघर्ष के निशान नहीं पाए गए हैं। शव को बिजौलिया वन नाका लाकर पशु चिकित्सकों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया।पशु चिकित्सक डॉ. अश्विन तांबी ने बताया कि मृत लेपर्ड करीब 12 से 13 वर्ष का नर था। प्रारंभिक जांच में उसके हार्ट और लंग्स में बीमारी के लक्षण सामने आए।

## दानपात्र से निकली 96 हजार की राशि



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** विंध्यवासिनी शक्तिपीठ संस्थान की बैठक अध्यक्ष छीतर लाल कुम्हार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संस्थान के विकास कार्य संबंधी चर्चा की गई। इस अवसर पर दान पात्र खोला गया। कोषाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने बताया कि दान पात्र से 96 हजार रूपये की राशि प्राप्त हुई जिसका उपयोग संस्थान के विकास संबंधी कार्य में किया जाएगा। गोपाल मेवाड़ा, बालमुकुंद गौड़, मोहनलाल धाभाई, कैलाश गौड़, मुकेश तिवारी, कपिल सोनी, जीतू, ओम तेली, बाबूलाल नायक, नाथु अहीर आदि मौजूद रहे।

## विकास रथों के माध्यम से आमजन तक पहुंच रही हैं योजनाओं की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार का 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष पर राज्य सरकार की उपलब्धियों, फ्लेगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं के व्यापक प्रचार- प्रसार के लिए जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथों की ओर से शुक्रवार को बाड़ी विधानसभा के पंचायत समिति कंचनपुर, कांसपुरा, नौरहा, नगला बिधौरा, बड़ापुरा में व धौलपुर विधानसभा के नगला भदौरिया, सरानी, खेड़ा, नकटपुरा, विश्नौदा में प्रचार- प्रसार किया गया। इसी प्रकार राजाखेड़ा विधानसभा के हथवारी, ढोढ़िकापुरा, अन्नदापुरा, चौहानपुरा, बसईकारे व बसेड़ी विधानसभा के नादनपुर, खनपुरा, धौर्य, बरई, हरजूपुरा में प्रचार-प्रसार किया गया। इन विकास रथों पर लगी एलईडी पर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से पिछले दो साल में राज्य व जिले में हुए विकास कार्यों, राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं व घोषणाओं की क्रियान्विति की जानकारी आमजन को दी जा रही है। साथ ही राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित प्रचार-प्रसार साहित्य का वितरण भी आमजन को किया जा रहा है।

## कोसेलाव में तीन दिवसीय प्रीमियर लीग का आगाज, उद्घाटन मैच बजरंग वॉरियर ने जीता



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** कोसेलाव गांव में प्रीमियम लीग केपीएल ग्रामीण क्रिकेट मैच राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पीछे ग्राउंड में उद्घाटन किया गया। जिसमें मैच बजरंग वॉरियर व यंग स्टार के बीच मैच खेला गया। बजरंग वॉरियर टीम ने बाजी मारी। मैच में कुल 12 टीम ने भाग लिया। भामाशाह मंशाराम भाटी की ओर से मैच में टीमों की निःशुल्क एंट्री रखी गयी और प्रत्येक टीम को टी शर्ट दिया गया। इस मौके पर प्रीमियर लीग के भामाशाह और आयोजनकर्ता मंशाराम भाटी, प्रतियोगिता संचालन मंडल अजयपाल सिंह चौधरी, नरेंद्र सिंह घणा, किशोर माली, राकेश देवड़ा, भरत गहलोत,नकानसिंह राठोड़, रामरतन सोलंकी एडवोकेट, दिनेश राठौड़, दानाराम चौधरी, भीखसिंह डाबी, दिनेश प्रजापत, रमेश दमामी, मनरुपराम वैष्णव, किशोर सिंह अध्यापक, हिम्मतलाल रागी अध्यापक, मांगीलाल वैष्णव, दिनेश भाई मीणा, भावैश सैन, किशन चारण, किशोर चौधरी, सुरेश भार्गव,राकेश मेवाडा , लक्की मेवाड़ा, दिनेश प्रजापत, थानाराम भाटी, जयंतीलाल, शेर सिंह, नरपत सिंह, विक्रम पूरी , रफीक, हंसराज मेघवाल समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पॉश पखवाड़ा के अंतर्गत जिला स्तरीय सेमिनार का हुआ आयोजन

### लैंगिक उत्पीड़न निवारण सप्ताह के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

### जिला प्रशासन के सहयोग से कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ आयोजन

### डॉ. राजेश डोगीवाल की अध्यक्षता में हुआ सेमिनार का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सरकार के निर्देशों की अनुपालना में महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को जयपुर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के सौजन्य से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करने हेतु पॉश अधिनियम के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। सेमिनार में उपनिदेशक, महिला अधिकारिता विभाग डॉ. राजेश डोगीवाल ने पॉश अधिनियम बनाए जाने की आवश्यकता, उसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य तथा कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पॉश अधिनियम का मूल उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। डॉ. डोगीवाल ने अपने संबोधन में आंतरिक शिकायत समिति के गठन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए बताया कि जिस भी संस्थान में 10 या उससे अधिक कार्मिक कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गठित समितियों का विवरण राज्य सरकार के सी-पोर्टल पर अपलोड किया जाना भी अनिवार्य प्रावधान है। उन्होंने लोकल शिकायत समिति के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि जिन संस्थानों में आंतरिक समिति का गठन संभव नहीं है या जहां शिकायत नियोक्ता के विरुद्ध हो, वहां लोकल कमेटी के माध्यम से शिकायत की जा सकती है। सेमिनार में महिला अधिकारिता विभाग की समस्त महिला सुपरवाइजर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की काउंसलर, जयपुर जिले में कार्यरत विभिन्न संस्थानों जैसे स्कूल, कॉलेज, होटल, हॉस्पिटल सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के साथ संवाद के दौरान पॉश अधिनियम से संबंधित व्यवहारिक पहलुओं, शिकायत निवारण प्रक्रिया एवं दायित्वों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने संस्थानों में पॉश अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## भव्य तृतीय खाटू श्याम जागरण का दिव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** बाबा श्याम नाम की जयकार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खाटू नरेश ग्रुप मंडल धौलपुर की ओर से खाटू श्याम बाबा के जन्मदिवस के पावन अवसर पर तृतीय भव्य श्याम जागरण का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति व दिव्यता के साथ किया गया। यह जागरण मित्तल कॉलोनी, धौलपुर में आयोजित हुआ, जहाँ सम्पूर्ण वातावरण श्याममय हो उठा। कार्यक्रम स्थल को खाटू धाम के स्वरूप में भव्य रूप से सजाया गया, भव्य तोरण द्वार, आकर्षक पुष्प सजावट, इत्र वर्षा व पुष्प वर्षा के साथ बाबा के दरबार को अलौकिक रूप प्रदान किया गया। श्रद्धालुओं को ऐसा अनुभव हुआ मानो वे साक्षात खाटू नगरी में दर्शन कर रहे हों। बाबा के दरबार में छप्पन भोग प्रसादी का वितरण भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहा। जागरण में बाहर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायकों टी-सीरीज कलाकार बृजराज सिंह लक्खा, रश्मि चौहान, डी.के. राजा, रॉकी नागर व भोपाल से आई गुनगुन व गुंजन ने बाबा श्याम के मधुर, भावपूर्ण व भक्तिरस से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और पूरा पंडाल 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गूंज उठा। गुनगुन व गुंजन की ओर से माता रानी की स्तुति के साथ प्रस्तुत किए गए भजन– 'घूंघटिए आड़े आओ जी ', 'मेरे बांके बिहारी लाल तू इतना ना करियो सिंगार ', 'ठुकराओगे ठुकरा लो, तड़प-तड़प कर हम तुम्हारे जीत जाएंगे 'ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं बृजराज सिंह लक्खा ने अपनी मधुर वाणी से 'राधा-राधा ', 'बाबा तेरे भक्तों को अब तेरा ही सहारा है' जैसे भजनों से श्याम प्रेमियों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर खाटू नरेश ग्रुप मंडल के सभी सदस्यों की ओर से जागरण में पधारे सभी श्याम भक्तों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए बैठने, जल, प्रसादी व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से की गईं। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा पंडाल भक्तों से खचाखच भरा रहा। धौलपुर में इस प्रकार का इतना भव्य व दिव्य श्याम जागरण पहली बार आयोजित हुआ, जिसने पूरे शहर को भक्तिमय बना दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो मित्तल कॉलोनी में ही साक्षात खाटू धाम बस गया हो। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया व आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## निर्माण कार्य पर देना होगा उपकर सैंकड़ों लोगों को जारी किए नोटिस

### उपकर जमा नहीं कराने पर हो सकती है कुर्की

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में भवन व अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम लागू है। जिसके तहत 27 जुलाई 2009 के पश्चात निर्मित सरकार, वाणिज्यिक, आवासीय भवनों वनिर्माण कार्य पर उपकर राशि की छूट नहीं है। भवन निर्माण करने वाले मालिकों, नियोजक को निर्माण कार्य के प्रारंभ करने की सूचना 30 दिवस की अवधि में निर्धारित प्रपत्र में श्रम विभाग को दिया जाना आवश्यक है तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने या उपकर राशि निर्धारित होने की 30 दिवस की अवधि में जो भी पहले हो उपकर संग्रहक को जमा कराया जाना आवश्यक है। यदि किसी प्रोजेक्ट या निर्माण कार्य की अवधि 1 वर्ष से अधिक हो तो 1 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के 30 दिवस में देय उपकर राशि जमा कराई जाना आवश्यक है। नियोजक की ओर से कराए जा रहे निर्माण कार्य की अनुमानित लागत पर देय उपकर अग्रिम भी जमा कराया जा सकता है। उपकर के तहत वसूली जाने वाली राशि निर्माण श्रमिकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में व्यय की जाती है। जिला श्रम कल्याण अधिकारी अरविन्द कुमार दीक्षित ने बताया कि 27 जुलाई 2009 के बाद निर्मित सरकारी, वाणिज्यिक, आवासीय भवनों व निर्माण कार्यो को उपकर के दायरे में रखा गया है। जिनमें से दस लाख रुपये से कम लागत के बनाए गए केवल आवासीय भवनों को उपकर के दायरे से बाहर रखा गया है। उन्होंने बताया कि यदि 10 लाख रुपये की लागत से ज्यादा की लागत से अगर कोई आवासीय भवन बनाता है तो उससे भी एक प्रतिशत सेस वसूला जाएगा। व्यवसायिक भवन निर्माण करवाने पर कोई छूट नहीं है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 262 से अधिक आवासीय व व्यवसायिक निर्माण स्थल के मालिकों को नोटिस दिए गए है। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में भवन मालिक, नियोजक को निर्माण से सम्बन्धित दस्तावेज अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है। नोटिस के बाद उपकर जमा नहीं कराने पर श्रम विभाग स्वयं निर्माण लागत निकालकर भवन मालिक के विरूद्ध एक पक्षीय उपकर सेस निर्धारण आदेश जारी करेगा। उपकर राशि देय होने की अवधि में जमा नहीं कराए जाने की स्थिति में 24 प्रतिशत वार्षिकी दर से नियोजक पर ब्याज आरोपित किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि श्रम आयुक्त की ओर से दिए गए निर्देशानुसार अधिक से अधिक भवन नियोजकों को नोटिस जारी कर उपकर सैस जमा करवाया जाए। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। उपकर निर्धारण की आदेश की तिथि से निर्धारित अवधि में भुगतान जमा नहीं कराने पर 100 प्रतिशत पेनल्टी का प्रावधान है। उपकर राशि जमा नहीं कराने पर मय ब्याज और पेनल्टी के साथ वसूली की कार्वाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई भी निर्माणकर्ता की ओर से नगर परिषद, नगरपालिका में नक्शा स्वीकृति के समय उपकर की अनुमानित राशि जमा करवाई गई है तो भी अंतिम उपकर निर्धारण राशि जिला श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा कराएं।

### सडक सुरक्षा अभियान :

## स्कूल के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं को यातायात नियम की पालना करने और साइबर क्राइम से बचने के बारे में किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** सडक सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को शिक्षण सस्थान राजस्थान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स दिल्ली रोड, बहाला जिला अलवर के अध्यापक / अध्यापिकाओं व छात्र-छात्राओं कों यातायात नियमों व साइबर क्राइम के बारे में जागरूकता की दी जानकारी। पुलिस अधीक्षक जिला अलवर सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय राज., जयपुर के द्वारा 11 दिसम्बर 2025 से 25 दिसम्बर 2025 तक 15 दिवसीय सडक सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा, जिसकी पालना में एसपी मुख्यालय अलवर कांबले शरण गोपीनाथ व संजय शर्मा उ0नि0 प्रभारी यातायात शाखा जिला अलवर द्वारा शुक्रवार को शिक्षण संस्थान राजस्थान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स दिल्ली रोड, बहाला जिला अलवर के करीब 500 छात्र-छात्राओं व अध्यापक / अध्यापिकाओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई एंव अध्यापक / अध्यापिकाओं व छात्र/छात्राओं को साइबर काइम व 1930 नम्बर के बारे में भी जागरूक किया गया। इस मौके पर सभी नागरिकों से अपील करते हुए बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें व कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाऐं, तेज गति में वाहन नहीं चलाए। गति सीमा का पालन करें, नशे में वाहन न चलाए, वाहन चलाते समय मोबाइल से बात नहीं करें, यातायात संकेत और नियमों का पालन करें, ओवर लोडिंग वाहन व अन्य वाहन गलत दिशा में न चलाए, बच्चों और बुजुर्गों को सड़क पार करवाते समय साथ लेकर चलें। जहां बच्चों ने भी यातायात नियमों का पालन करने की जरूरत को समझा।

## भामाशाहो ने गोशाला में गायों के लिए किया पुण्य दान

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** शहर से लंदन में व्यापार के लिए निकले भामाशाह परिवार ने सुमेरपुर में गौ सेवा क्षेत्र में अनूठा उदाहरण दिया। मूल रूप से खिवांदी निवासी व हाल लंदन के उद्यमी केसी जैन के सानिध्य में चैरिटेबल ट्रस्ट व जैन नवयुक मंडल ने स्थित श्री राम गौशाला कोलीवाडा में गौ माता की सेवा के लिए गुड के साथ 75 हजार रुपए दान स्वरूप भेंट किया। सर्वप्रथम उन्होंने गौशाला का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं को परखा। श्री राम गौशाला के अलावा उन्होंने शहर के अन्य गौशालाओ का भी भ्रमण किया और गायों की सेवा स्वरूप दान भेट किया।श्रीराम गौ शाला में शुक्रवार को अमावस्या के उपलक्ष्य में प्रति माह की भांति इस बार भी अंबावत परिवार की ओर से गौ माता को लापसी का भोग लगाया गया। इस मौके पर सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य ने दो गौ माता के पालनहार गौ भक्त चम्पालाल कुमावत और अंबावत परिवार मुंबई की तरफ से एक एक ट्राली हरा चारा खिलाया। इस मौके पर सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चम्पालाल चान्दोरा, शिवलाल माली, सचिव भंवरलाल परमार,सलाहकार समिति सदस्य सुरेश सिंघल, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार पुरोहित,समाजसेवी मधुसुदन अग्रवाल, महेन्द्र भाई, खीमाराम रामीणा, व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, पुजारी मोहन दास वैष्णव सहित अनेक गौ सेवकों ने गौ माता की विधिवत पुजा अर्चना कर महाआरती की गई और लापसी,गुड़ व हरे चारे का भोग लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री राम गौशाला परिसर में हर रोज भामाशाहों की ओर से नई पहल की जा रही है। उनकी पहल हर किसी को प्रेरणा दे रही है। कोई नकद राशि का दान कर रहा है तो कोई लापसी हरा चारा खिलाकर आमजन को संदेश दिया जा रहा है। अमावस्या की उपलक्ष में अंबावत परिवार की ओर से लापसी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी पटवारी आनन्द बिहारी ओझा बर्खास्त

**जयपुर** भ्रष्टाचार के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सख्त कार्रवाई करते हुए तत्कालीन पटवारी आनन्द बिहारी ओझा को राज्य सेवा से बर्खास्त करने के आदेश जारी किए हैं। न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम क्रमांक-01, जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा प्रकरण संख्या 07/2017 (एफआईआर संख्या 343/2015) राजस्थान राज्य बनाम आनन्द बिहारी ओझा में दोष सिद्ध होने पर ओझा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 के अंतर्गत 03 वर्ष का साधारण कारावास एवं 10,000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 13(1) सहपठित धारा 13(2) के अंतर्गत 04 वर्ष का साधारण कारावास एवं 10,000 रुपये अर्थदंड से दण्डित किया गया। उक्त न्यायिक निर्णय के अनुसरण में तथा राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 1958 के नियम 16 के अंतर्गत समानांतर विभागीय जांच में दोष सिद्ध होने पर जिला प्रशासन द्वारा ओझा को राज्य सेवा से पृथक किया गया है।

## *विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित*

***धौलपुर(निस)।*** *132 केवी जीएसएस बसेड़ी एवं सरमथुरा पर मरम्मत व रख-रखाव होने के कारण शनिवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता 132 केवी जीएसएस बसेड़ी ने बताया कि 132 केवी सरमथुरा से निकलने वाले 33 केवी फीडर व इनसे जुड़े सभी क्षेत्रों की 20 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।*

## दबंग आईपीएस पंकज चौधरी को लेकर बड़ी खबर, डिमोशन का आदेश खारिज

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** दबंग आईपीएस पंकज चौधरी को एक बार फिर कोर्ट से जीत मिली है भजनलाल सरकार द्वारा जारी डिमोशन के आदेश को केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण ने खारिज कर दिया है इस मामले में पारिवारिक विवाद को आधार बनाकर किए गए इस डिमोशन को कोर्ट ने गलत ठहराया है । केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण ने पंकज चौधरी को पदोन्नति और तमाम तरह के परीलाभ नियमों के अनुसार उपलब्ध करवाने के लिए सरकार को कहा है केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण के इस आदेश से एक बार फिर पंकज चौधरी सरकारों पर भारी पड़े प्रदेश में चाहे वसुंधरा राजे की सरकार रही हो या फिर अशोक गहलोत की इन सरकारों के दौरान भी सरकार ने पारिवारिक विवाद का हवाला देकर इनकी पदोन्नति और कई तरह के परिलाभ रोक दिए सरकारों के इस निर्णय के खिलाफ पंकज चौधरी ने पहले भी कोर्ट और केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में दी जिसमें हर बार उन्हें जीत मिली और इस बार भी प्रदेश की भजनलाल सरकार द्वारा पंकज चौधरी के खिलाफ डिमोशन आदेश जारी किया था सरकार के इस फैसले को पंकज चौधरी ने केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण में दी थी जिसमें एक बार फिर से पंकज चौधरी की जीत हुई है और राजस्थान सरकार को पंकज चौधरी के पदोन्नति और उनके तमाम तरह के रुके हुए परिलाभ देने की बात भी केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण की ओर से सरकार को कही गई है उल्लेखनीय है कि हाल ही में 12 फरवरी 2025 को कार्मिक विभाग ने आईपीएस पंकज चौधरी के खिलाफ डिमोशन का आदेश जारी किया था इस पर भजनलाल सरकार में भी आईपीएस पंकज खिलाफ डिमोशन का आदेश जारी किया था जिसको पंकज चौधरी ने केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण में चुनौती दी थी अब केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण ने कार्मिक विभाग के डिमोशन वाले फैसले को पूरी तरह से खारिज कर दिया है कोर्ट ने डिमोशन के आधार को पारिवारिक होने की बात पर गलत बताया है ऐसे में पंकज चौधरी को अब फिर से प्रमोशन मिलने वाला है दरअसल आईपीएस पंकज चौधरी ने पहली पत्नी को तलाक देकर दूसरा विवाह किया था उन पर यह आरोप लगा कि पहली पत्नी को तलाक दिए बिना ही उन्होंने दूसरी शादी की वसुंधरा राजे सरकार के समय भी उन्हें चार्ज शीट दी गई थी उनके खिलाफ विभागीय जांच भी बिठाई गई हालांकि पंकज चौधरी का कहना है कि तत्कालीन सरकारों द्वारा उनके पारिवारिक मामले को बेवजह तूल दिया गया तलाक के बारे में इलाहाबाद हाईकोर्ट उनके पक्ष में फैसला सुना चुका था इस बार-बार मुद्दा बनाया जाना उचित नहीं है पंकज चौधरी वर्ष 2009 के आईपीएस अधिकारी हैं उनके बीच के पांच अन्य आईपीएस श्वेता, धनखड़ कुमार ,राष्ट्रदीप, प्रीति जैन, अजय सिंह, योगेश यादव 2 साल पहले ही प्रमोशन पाकर डीआईजी बन चुके हैं जल्द ही उन्हें अगला प्रमोशन आईजी के पद पर मिलने वाला है लेकिन राज्य सरकार ने आईपीएस पंकज चौधरी के प्रमोशन को रोक रखा है प्रमोशन करने के बजाय पारिवारिक मामले में उनका डिमोशन कर दिया जिसे अब केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण द्वारा खारिज किया गया है अब चौधरी के प्रमोशन होने की राह खुल गई है चौधरी का कहना है कि उनसे रंजिश रखने वाले आईएएस आईपीएस अफसर सरकार को भ्रमित करते रहे हैं और उनके पारिवारिक प्रकरण को अनावश्यक मुद्दा बनाया गया पिछले 10 साल में छह बार उनके खिलाफ बेवजह एक्शन लिया गया जिनमें हर बार सरकार की पराजय हुई।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# अमावस्या पर मुक्तिधाम में किया श्रमदान



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ कस्बे के झाझड़ रोड़ स्थित मुक्तिधाम में हर अमावस्या के दिन होने वाले श्रमदान की श्रृंखला में इस बार भी मुक्तिधाम में श्रमदान किया गया जिसमें पेड़ पौधों की देखरेख, साफ सफाई की गई। साथ ही पौधों और पेड़ों में खाद, पानी देकर कटाई छटाई की गई। श्मशान भूमि में शव को जलाने के काम आने वाली लकड़ी की काट छांट की गई और व्यवस्थित किया गया। इस मौके पर श्रमदान में रावता की ढाणी के कार्यकर्ता अपनी सेवा देते है। साथ ही भारत स्काउट गाइड के प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, वार्ड पार्षद सुरेंद्र सैनी, पूर्व नगर पालिका पार्षद नवरंग लाल सैनी, गजानन सैनी, गिरधारी लाल सैनी, विनोद सैनी, नागेश सैनी, नरेश सैनी, प्रताप सैनी, मदन सैनी, लालचंद सैनी, सुल्तान सैनी, सुभाष सैनी, मनोज कुमार सैनी गिँडा राम सैनी, महेश सैनी, ओम प्रकाश सैनी, बाबूलाल मिस्त्री, हरी लाल सैनी, हरि प्रसाद सैनी, रतनलाल सैनी, बुगाल सैनी, सुभाष सैनी, दिनेश सैनी, लालचंद सैनी, प्रमोद सैनी, महावीर सैनी, बाबूलाल सैनी, विनोद मिस्री, गोकल सैनी, हरिप्रसाद सिंगोदिया, भंवरलाल सैनी, बाबूलाल सैनी सहित सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने श्रमदान किया।

# रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन कल




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि यह रन प्रातः 7.30 बजे स्वर्ण जयंती स्टेडियम, झुंझुनूं से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक तक आयोजित की जाएगी। रन में जनप्रतिनिधि, युवा, खिलाड़ी व आमजन भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य राज्य सरकार की विकासात्मक उपलब्धियों और 'विकसित राजस्थान' की संकल्पना के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने किए सालासर बालाजी के दर्शन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)।** सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में शुक्रवार को दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बालाजी के दर्शन करके देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मन्दिर में पूजा अर्चना पुजारी परिवार द्वारा करवाई गई व बालाजी का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इससे पहले मन्दिर के मुख्य द्वार पर हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी, धर्मवीर पुजारी, मांगीलाल पुजारी, यशोदानंद पुजारी, बबलू पुजारी ने पुष्प भेंट कर गुप्ता का स्वागत किया। इस



दौरान सीएम के साथ उनके पति मनीष गुप्ता सहित परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना के बारे रेखा गुप्ता ने बालाजी महाराज के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कमालकिशोर पुजारी, मनोज पुजारी, राकेश पुजारी,जीतेन्द्र पुजारी, अर्जुन पुजारी, राजाराम पुजारी, नागरमल पुजारी मनीष पुजारी व जीतमल शर्मा व दिनेश शर्मा व संपत शर्मा सहित अनेक लोगों ने बालाजी का दुपट्टा भेंट कर स्वागत किया।

# एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताः विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को तीसरे दिन विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चम्मच दौड़, रस्सीकूद, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया। प्राचार्या डॉ कविता शर्मा ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। इसी कड़ी में डॉ सुनीता मीणा, डॉ सिद्धि गुप्ता, सुमन और लता गुर्जर ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए छात्राओं को खेल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रो संत कुमार मीणा, सहायक आचार्य महेश कुमार व डॉ प्रभाकर दीक्षित का विशेष सहयोग रहा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त प्रयास किए: सहारण

## प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने पर महिला सम्मेलन,

## लाभार्थियों को प्रदान किए श्रवण यंत्र, ऋण के चैक, दिव्यांगों को स्कूटी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में महिला सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने शिरकत की तथा कार्यक्रम में दिव्यांगों को श्रवण यंत्र व स्कूटी वितरित की। इसी के साथ राजीविका महिलाओं को ऋण वितरण के चैक प्रदान किए तथा केक काटकर लाडो का जन्मोत्सव मनाया। जिला स्तरीय कार्यक्रम धौलपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए जुड़ा रहा। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त प्रयास किए हैं। प्रदेश सरकार महिला, गरीब, युवा व किसान वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है और प्रत्येक क्षेत्र में चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी और समुचित ढंग से योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने पीएम आवास, हर घर शौचालय, एनएफएसए आदि योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने का काम किया है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने प्रदेश सरकार की योजनाओं और महिला सशक्तीकरण की दिशा में जिले में किए जा रहे नवाचारों के बारे में जानकारी दी। चंपालाल गेदर ने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से जिले में और प्रदेश में विकास को नई गति मिली है। हमारी सरकार जनता की आवश्यकताओं और सुशासन को केंद्र में रखकर विकास रथों का गांव-गांव तक संचालन कर रही हैं। विजय आचार्य ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिला के उत्थान के लिए समग्र प्रयास किए हैं। इस दौरान निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य, निवर्तमान उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ दुर्गा ढाका, अभिषेक चोटिया, विमला गढ़वाल, ओम सारस्वत, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, सत्तार खान, श्रीराम पीपलवा, मोहन गढ़वाल, नारायण बेनीवाल, दीनदयाल सैनी, नरेंद्र काछवाल, अख्तर खान, मोहन गढ़वाल, नारायण बेनीवाल, सत्येंद्र, नौरंग वर्मा, सुशील लाटा, नरेंद्र सैनी सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया। लाभार्थियों को वितरित किए श्रवण यंत्र व स्कूटी, राजीविका महिलाओं को ऋण के चेक, लाडो बिटिया का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर अतिथियों ने बबलू कस्वां, मुकेश कुमार, तनवीर, पवन कुमार आदि दिव्यांगों को श्रवण यंत्र और 15 दिव्यांगों को स्कूटी व बिमला, दीपचंद व प्रेम चंद को मुख्यमंत्री सहयोग उपहार योजना अंतर्गत चैक प्रदान किए गए। इसी के साथ शिव एसएचजी की ममता, सांई बाबा एसएचजी की बबीता कंवर, शक्ति एसएचजी की चांद कंवर, श्रीश्यामजी एसएचजी की प्रेम कुमारी व एकता एसएचजी की सुमन कंवर को ऋण के चेक प्रदान किए।

# राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का 62वां राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद डोटासरा, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद डोटासरा ने कहा कि केंद्र सरकार को जितना अधिकार शिक्षा नीति बनाने का उतना ही अधिकार राज्य सरकार को भी है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से कांग्रेस राज में शिक्षा नीति में बदलाव किया गया। केंद्र सरकार की ओर से एनसीआरटी का सेलेब्स लागू किया जा रहा है जो कि अनुचित है। इस अवसर पर डीयू के प्रोफेसर सिधेश्वर शुक्ला ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यूपी में एक लाख स्कूलों को बंद किया गया है। पीएमश्री स्कूल का कोई महत्व नही है। सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। यह व्यवस्था नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डीयू में प्रोफेसर के पद खाली पड़े हैं, प्रोफेसर गेस्ट फेकल्टी पर लगाये जा रहे है,सरकार डीयू को प्राइवेट करना चाहती हैं। इस दौरान शिक्षक संघ शेखावत के प्रांतीय अध्यक्ष महावीर सिहाग ने कहा कि आगामी 5 जनवरी व 29 जनवरी को ओपीएस सहित अन्य नीतियों को लेकर आने वाले संघर्ष की बात कही। इस दौरान कांग्रेस नेता रामजीलाल शर्मा व भँवरलाल पुजारी गजानंद शर्मा दीनदयाल गुलेरीया ओम प्रकाश डुडी बनवारी कुलहरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# विप्र फाउंडेशन की गौसेवा, गौवंश को खिलाई 3 क्विंटल गाजर, गौसेवा का दिया संदेश


जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर विप्र फाउंडेशन की ओर से गौसेवा का सराहनीय आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौवंश की सेवा करते हुए 3 क्विंटल गाजर गायों को खिलाई गई। कार्यक्रम में सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। आयोजन में विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुनील मिश्रा, प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, तहसील अध्यक्ष वैध महेंद्र शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपुरोहित सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता गोपीकृष्ण बोचीवाल, रामस्वरूप झिकनारिया, राजेंद्र तिवारी साहवा, सामाजिक अधिवक्ता रामनिवास शर्मा, पंडित कैलाश चौमाल, राजेंद्र पारीक, अशोक पुनियां, बिलाल खान, पृथ्वीराज शर्मा, धर्ड शर्मा, बाबूलाल सेन, महेंद्र सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान गौसेवा को मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम बताते हुए उपस्थितजनों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और सेवा संस्कार को बल मिलता है। सुनील मिश्रा ने कहा कि जन्मदिन पर हम सभी ने मिलकर गौसेवा का संकल्प लिया है। मधुसूदन राजपुरोहित का सार्वजनिक जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक रहा है। उनके जन्मदिन की पूर्व संध्या पर गौमाता की सेवा कर हम समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि सेवा ही सच्चा उत्सव है। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।



# रतननगर की बेटी निकिता ने रचा इतिहास, आरजेएस परीक्षा में प्रदेश में 27वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की ओर से शुक्रवार को घोषित राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा के परिणामों में चूरू जिले के रतननगर कस्बे की होनहार बेटी निकिता ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए प्रदेश में 27वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा रतननगर कस्बा और चूरू क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। विधि सत्संग संस्था के महेंद्र कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि निकिता ने यह सफलता चूरू अंचल में गुरुदेव महावीर सिंह यादव की ओर से स्थापित विधि सेवाओं की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हासिल की है। यह उपलब्धि क्षेत्र में न्यायिक सेवाओं के प्रति बढ़ते रुझान और सकारात्मक वातावरण का सशक्त प्रमाण है। निकिता के पिता दिलीप कुमार मीणा विद्यालय में व्याख्याता हैं, जबकि माता संतोष देवी गृहिणी हैं। पारिवारिक संस्कार, शिक्षा के प्रति समर्पण और निरंतर प्रोत्साहन ने निकिता के आत्मविश्वास को मजबूत किया। उन्होंने वर्ष 2024 से आरजेएस परीक्षा की सघन तैयारी प्रारंभ की थी और सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य के प्रति अडिग रहकर यह मुकाम हासिल किया। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए निकिता ने अपने पिता, परिवारजनों, विधि सत्संग संस्था, आरजेएस चंद्रशेखर पारीक, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य श्रवण सैनी एवं महेंद्र सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'कड़ी मेहनत, अनुशासन और परिवार, गुरुजनों व ईश्वर के आशीर्वाद से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। युवाओं के लिए अपने संदेश में निकिता ने कहा कि यदि वे निरंतर मेहनत, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं, तो सफलता उन्हें अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'संघर्ष से घबराने की बजाय उसे अपनी शक्ति बनाइए, क्योंकि वही आपको मंज़िल तक पहुंचाता है। विधि सत्संग संस्था के महेंद्र सैनी ने निकिता की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सिद्ध करती है कि छोटे कस्बों से निकलकर भी बड़े सपनों को साकार किया जा सकता है। निस्संदेह, निकिता की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का प्रकाश स्तंभ बनेगी और रतननगर का नाम प्रदेशभर में गौरव के साथ स्थापित करेगी।

# सांसद और विधायक कोष से हुए कार्यों की जांच करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विधायक निधि के साथ-साथ अब सांसद निधि के कथित दुरुपयोग को लेकर राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति ने मोर्चा खोल दिया है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज पारीक के निर्देश पर प्रदेशभर के जिला अध्यक्षों को पत्र जारी कर दोनों ही निधियों से कराए गए कार्यों की जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम के माध्यम से मांगने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष मनोज पारीक ने बताया कि आरटीआई से प्राप्त जानकारी के आधार पर विधायक व सांसद निधि से कराए गए विकास कार्यों की सोशल ऑडिट मीडिया कर्मियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर कराई जाएगी। इसके लिए संगठन सचिव सुरेंद्र बोहरा को नियुक्त किया गया है और जहां भी फर्जी भुगतान, घटिया निर्माण, नियमों की अनदेखी अथवा कागजों में कार्य पूर्ण दिखाने जैसी अनियमितताएं सामने आएंगी, वहां स्थानीय नागरिकों को जोड़कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। इस पूरे मामले को लेकर समिति की ओर से मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित कर विधायक एवं सांसद निधि से जुड़े कार्यों की निष्पक्ष जांच, सोशल ऑडिट करवाकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। पारीक ने बताया कि विधायक व सांसद निधि जनता के विकास और मूलभूत सुविधाओं के लिए होती है, लेकिन यदि इसमें भ्रष्टाचार होता है, तो यह सीधे जनता के अधिकारों का हनन है। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति भ्रष्टाचार के खिलाफ जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करेगी। आपको बता दें कि हाल ही में प्रदेश के तीन विधायकों का रिश्वतकांड को लेकर विडियो सामने आया था, जिसके बाद प्रदेशभर में भ्रष्टाचार के आरोपों की चर्चाएं काफी ज्यादा होने लगी हैं।

# सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** लक्ष्मणगढ रोड़ पर स्थित चमेली देवी अग्रवाल मांगलिक सभागार के पीछे अवधेशानन्द मिशन प्रभु प्रेमी संघ चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सालासर धाम मे शुक्रवार को सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज ने कथा का वाचन किया। कथा में 151 पण्डितो ने रामचरितमानस के पाठ किए गए। आयोजन समिति के महेन्द्र लोहारिया, सुशील बेरिवाला, नीरज गर्ग, सोनीराम शर्मा, हरिहर आश्रम हरिद्वार के कैलाशनन्द महाराज आदि सदस्यो ने पूजा की। इस मौके पर हनुमान सेवा समिति पूर्व अध्यक्ष यशोदानन्दन पुजारी, श्रीकिशन पुजारी, सम्पत पुजारी, विमल पुजारी, मनीष पुजारी, अरविन्द पुजारी, जितेन्द्र पुजारी, विश्वनाथ पुजारी सहित अनेक श्रोता उपस्थित रहे। सालासर में आयोजित श्रीराम कथा का लाईव प्रसार संस्कार टीवी चैनेल पर प्रसारित किया जा रहा है।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com  Phone no. 01568-222419
क्रमांक :—न.प.सु/विकास शाखा/2025/9499  दिनांक :— 16.12.2025

**निविदा सूचना–2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक–(DLB2526WSOB27410) कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/16152

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**
क्रमांक :- 4879-4893  दिनांक :- 11-12-2025

**ई-निविदा सूचना संख्या : 44 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp विभागीय वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.inThttp//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http// sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A4703

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB18761 | 2. | PWD2526WSOB18762 |
| 3 | PWD2526WSOB18763 | 4 | PWD2526WSOB18764 |
| 5 | PWD2526WSOB18765 | 6 | PWD2526WSOB18766 |
| 7 | PWD2526WSOB18767 | 8 | PWD2526WSOB18769 |

DIPR/C/18616/2025
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोलासर पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- ग्रा.प./निविदा/2025-26/18  दिनांक :- 13.12.25

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में 15वां वित आयोग योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य को पंचायती राज नियम 181 के तहत करवाया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित शर्ते एवं निविदा प्रपत्र को वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलॉड कर प्राप्त की जा सकती है।

| NIB No. | UBN No. | निविदा दस्तावेज जमा करवाने एवं निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| PDN2526A0253 | PDN2526WSLB00262 | 23-12-25 |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रोलासर
पंचायत समिति सरदारशहर

प्रशासक
ग्राम पंचायत रोलासर
पंचायत समिति सरदारशहर

# विधायक जाखल ने किया धर्मा गौशाला का भव्य शुभारंभ, भामाशाहों ने दिया आर्थिक सहयोग

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निस)।** कस्बे के मोहब्बतसर, चेलासी में बुधवार को आध्यात्मिक वातावरण में 'धर्मा गौशाला' का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन संतों के पावन सानिध्य और नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान गौशाला निर्माण के लिए विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया और चारा व फूस भंडारण के लिए भवन की नींव रखी गई। समारोह में प्रकाशनारायण महाराज, चंद्रमादास महाराज, सुंदरनाथ महाराज, शैलेंद्र मुनि, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया और पन्नालाल सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक जाखल ने संतों का अभिनंदन किया। वहीं गौशाला समिति व ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। गौशाला के संकल्प को साकार करने के लिए क्षेत्र के भामाशाहों ने दिल खोलकर घोषणाएं कीं। जयपुर निवासी अशोक शाह ने 15×15 के कमरे और कारी के



ताराचन्द दूत ने 10×10 के कमरे के निर्माण की जिम्मेदारी ली। आर्थिक सहयोग में नुआ निवासी सम्पत जांगिड़ ने 2,51,000 रुपये, बिरोल के महेश कड़वाल ने 51000 ,राजू कोलसिया ने 51000 ,दादिया के विजय मातवा ने 51000 तथा पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंगोदिया व सुनील पूनिया, अरविंद पुनिया ने संयुक्त रूप से 51,000- रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। एडवोकेट बाबूलाल वर्मा ने 75,000 रुपये की ईंटें, सर्वेश जी धरनीधरका ने एक मुख्य गेट, एक 24गुणा 50का टिन शेड व एक कमरा निर्माण तथा एक 35 गुणा 40 चारागाह जिसकी नींव अतिथियों ने रखी। लोसल के रामवतार व राजकुमार सोनी ने 24गुणा 80फीट का बड़ा टिन शेड गौशाला में बना दिया हैं। चारे की व्यवस्था के लिए ओमप्रकाश कानसुजिया, अमर सिंह फौजी व अजय कटेवा ने 40×60 आकार का चारागाह विकसित करने का भरोसा दिया। महावीर ढाका ने टीन शेड की घोषणा की। निवास सैनी जांगीड़ अस्पताल के पास ने गौशाला में तीन वाटर कूलर लगाने कि धौषणा कि भामाशाह मंजीत सुण्डा पुत्र रामदेव सुण्डा ने गौशाला ककी नींव में चांदी का नारियल और पांच सीमेंट की तीन सीटर कुर्सियां भेट की और गौशाला में बड़ा मुख्य गेट संस्था की आवश्यकतानुसार बनाने की घोषणा की। धौलू डम्फर वाले ने गौशाला में नव निर्माण के बजरी का डंफर का सहयोग, दिलीप सैनी एम आर एफ टायर वाले ने 15000 नगद तथा एक एम्बुलेंस के लिए टायर का जोड़ा भेट किया। इसके अतिरिक्त विनय पोदार, राजू जाखल, सतपाल कैरू, ओमप्रकाश बुगालिया, विद्याधर पुनिया आदि ने 11000-11000 रूपये नगद सहयोग दिया। इसके अलावा भी कई भामाशाह ने भी आर्थिक सहयोग किया। मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह जाखल ने अपने संबोधन में कहा कि जिस धरा पर गाय की सेवा होती है, वहां सुख-समृद्धि का वास होता है। उन्होंने गौ सेवा के प्रति समर्पित टिंकू सिंगोदिया का शॉल ओढ़ाकर विशेष सम्मान किया। सिंगोदिया ने बताया कि विधायक के सहयोग से अब तक 800 फीट बाउंड्री व मिट्टी भराव का कार्य हो चुका है। विधायक ने कार्यक्रम में 970 फीट अतिरिक्त बाउंड्री वॉल, एक ट्यूबवेल और एक बड़ी पानी की टंकी बनवाने की नई घोषणा की। समारोह के अंत में अतिथियों ने गौशाला परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया जिसमें पौधारोपण की जिम्मेदारी वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू ने ली। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विनोद सैनी ने किया। अंत में धर्मा गौशाला समिति के सदस्यों ने सभी भामाशाहों और अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## झुंझुनू जिले में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** भारतीय जनता पार्टी में पुन: भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच की नियुक्ति के बाद प्रथम बार गृह जिले में पधारने पर दाधीच सेवा संस्था के जिलाअध्यक्ष व सरपंच रामनिवास शर्मा, मुकेश दाधीच को केलों से तोला गया व पुष्पहार, साफा व दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मुकेश दाधीच ने कहा कि मैं प्रदेश में पार्टी हित में सेवा दे रहा हूँ, इसी प्रकार जिला अध्यक्ष रामनिवास शर्मा ने काफी सराहनिय कार्य किए हैं, मैं सदैव आपके हित के लिए हर कार्य के लिए तत्पर रहूँगा। इस अवसर पर विश्म्भर पूनियां पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र जोशी, श्याम सुन्दर शर्मा, मनोज शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, रामगोपाल शर्मा, अशोक दाधीच, श्रीचंद बजावा, नथमल सहित दाधीच समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

## राणी सती दादी का मंगल पाठ धूमधाम से आयोजित

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** पितराणी मन्दिर के निकट देवड़ा भवन में सुरेश देवड़ा की ओर से अमवास्या के उपलक्ष्य में शुक्रवार को धूमधाम से राणी सती का मंगल पाठ का आयोजन हुआ। इस दौरान अग्रवाल समाज की महिलाएं रंग - बिरंगी चुनरियों ओढ़कर रानी सती दादी का मंगल पाठ में शिरकत की। महिलाओं में मंगल पाठ को लेकर काफी उत्साह दिखाई दी। मंगल पाठ कथा वाचक पिंकी झुंझुनूंवाला व सरोज मोदी ने किया। इन्हें सुनने के लिए भक्तों में खुशी थी। कथावाचक ने गणेश वंदना से इसकी शुरुआत की और राणी सती दादी का पूरा जीवन कथा सुनाया और बीच-बीच में मधुर गीतों पर महिला नाच उठी। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया हुआ था। कार्यक्रम का शुरुआत में पं0 योगेश शर्मा ने राणी सती दादी का जोत जलाकर किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने पूजा अर्चना की और कथा समापन के बाद महा आरती का आयोजन किया गया।

## पानी निकासी के लिए 6 इंच चौड़ाई का पाइप डालने का विरोध



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** मुकुंदगढ़ मार्ग तिराए पर ठाकुर केसरी सिंह सर्किल के पास आम रास्ते पर पानी भराव की निकासी को लेकर डाले जा रहे पाइप को लेकर लोगों ने विरोध जताते हुए काम बंद करवा दिया। 24 दिसंबर को कस्बे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के दौरे को लेकर प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। तिराए पर पिछले कई सालों से घरों से निकलने वाले पानी का भराव हो रहा है जिसको लेकर नगर पालिका प्रशासन की ओर से रोड़ को तोड़कर अंडरग्राउंड 6 इंच चौड़ाई का पाइप ठेकेदार की ओर से डाला जा रहा था जिस पर लोगों ने यह कहते हुए विरोध जताया कि इस पाइप से पानी की निकासी सही ढंग से नहीं होगी तथा 12 इंच चौड़ाई का पाइप डाला जाए। मौके पर भाजपा जिला मंत्री महावीर ढाका, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवक्ता संजय मील ने समझाइश करवाकर 12 इंच चौड़ाई का पाइप ठेकेदार दिनेश चौधरी को डालने की बात कही। इसके बाद 6-6 इंच चौड़ाई के दो पाइप डालकर सड़क के एक तरफ चैंबर व नाली बनाकर पानी निकासी पर सहमति बनी। लोगों के विरोध के चलते कई घंटे तक काम प्रभावित रहा। इस दौरान भवानी शंकर राहड़, महावीर हुड्डा, गोपाल जांगिड़, चंद्रपाल सिंह पाटोदा, महिपाल सिंह तोलियासर, पुष्पेंद्र ढाका, मुकुंद सिंह, मदन सैनी, अमित अग्रवाल, सुनील सैनी, योगेश सैनी सहित दुकानदार व वार्डवासी मौजूद रहे।

## पाटन पंचायत समिति में प्रधान सुवालाल सैनी का विदाई समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** पाटन पंचायत समिति परिसर में प्रधान सुवालाल सैनी के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विकास अधिकारी शशिबाला, अतिरिक्त जिला कलक्टर एडीएम भागीरथ सांख सहित उपखंड अधिकारी एसडीएम राजबीर यादव ने भी शिरकत की। एसडीएम राजबीर यादव को सरकार की ओर से पाटन पंचायत समिति का प्रशासक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर पंचायत समिति के समस्त कार्मिक व क्षेत्र के सरपंच उपस्थित रहे। समारोह में कांग्रेस व भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। प्रमुख रूप से प्रमोद बाजोर, महेंद्र खटाना, पाटन सरपंच मनोज चौधरी, श्यामपुरा सरपंच कृष्ण कुमार, हसामपुर सरपंच प्रतिनिधि राकेश कुमार, पाटन के पूर्व प्रधान कांता प्रसाद, दरीबा सरपंच प्रतिनिधि संतोष मीणा, नयोराणा प्रतिनिधि उमराव, सुमित गुर्जर, अनिल सिंह तंवर तथा रायपुर से श्रीराम ने समारोह को संबोधित किया। वक्ताओं ने प्रधान सुवालाल सैनी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को याद किया। समारोह के दौरान प्रधान सुवालाल सैनी का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा ने किया शिविर का अवलोकन

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निस)।** में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वाधान में रोवर रेंजर निपुण प्रशिक्षण शिविर एस.एन.गर्ल्स बी एड कॉलेज नवलगढ़ में 17 दिसंबर से चल रहा है।शिविर के दूसरे दिन में स्काउट गाइड के जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा ने शिविर का अवलोकन किया व संभागियों को इस प्रशिक्षण की उपयोगिता की जानकारी दी। साथ में आए रेलवे वाणिज्य कर अधिकारी व रेलवे स्काउट ट्रेनर ओमप्रकाश आर्य ने रोवर रेंजर्स को स्काउट कोटे से रेलवे के अधिकारी बनने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड कोटे से केवल स्काउट गाइड प्रशिक्षित ही आवेदन कर सकता है। अन्य नहीं इन्होंने सेल्यूट व बांया हाथ मिलाने संबंधी प्रशिक्षण भी दिया। पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चौबदार ने संभागियो को स्काउट गाइड के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी योग्यता वृध्दि करने व उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। लीडर ट्रेनर प्रहलाद राय जांगिड ने स्काउटिंग का इतिहास विषय पर प्रशिक्षण दिया। शिविर अवलोकन करने आए जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा, रेलवे वाणिज्य कर अधिकारी ओम प्रकाश आर्य पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चौबदार, लीडर ट्रेनर प्रहलाद राय जांगिड़ का संस्था प्रधान डाक्टर संतोष पिलानिया ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शिविर संचालक रोवर लीडर अंकित सांखनीया, लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया, शिविर प्रभारी बीना रानी चंदेल, महेश कुमार मार्शल, महेंद्र कुमार सैनी ने पायनियरिंग विषय व पौषाक के आवश्यक अंग के कुछ बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर संस्थान के डाक्टर माया सांखला, पूजा सैनी,मीना सैनी, कमलेश कुमार, संदीप सैनी सहित अन्य उपस्थित हुए।

## किसानों की जमीन हड़पने का आरोप, क्षेत्र में भारी विरोध, जन जागृति यात्रा का आगाज

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** ग्रीन हाईवे एक्सप्रेस-वे के निर्माण के विरोध में किसान महापंचायत की ओर से जन जागृति यात्रा की शुरुआत 19 दिसंबर से पनियाला से की गई है। यह एक्सप्रेस-वे पनियाला से किशनगढ़ तक स्वीकृत है, जिसे लेकर किसानों व क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। यह जन जागृति यात्रा 20 दिसंबर को नीमकाथाना उपखंड के फतेहपुर गांव में प्रवेश करेगी, जहां से यह फतेहपुरा, खुर्दिया, बोपिया, रामसिंहपुरा, छाजा की नांगल, हसामपुर एवं खारिया गांवों से होती हुई आगे बढ़ेगी। वहीं 22 दिसंबर को यात्रा श्रीमाधोपुर उपखंड में पहुंचेगी।किसान महापंचायत का आरोप है कि प्रस्तावित ग्रीन हाईवे 100 मीटर चौड़ एवं लगभग 15 फीट ऊंचा होगा, जिससे किसानों की बहुमूल्य कृषि भूमि सरकार की ओर से पूंजीपतियों के विकास के नाम पर अधिग्रहित की जा रही है। इससे किसान और क्षेत्रवासी बर्बादी के कगार पर पहुंच जाएंगे। महापंचायत का कहना है कि इस हाईवे के दोनों ओर किसी भी प्रकार का स्थानीय विकास संभव नहीं हो पाएगा।किसानों का यह भी कहना है कि 20 से 30 किलोमीटर की दूरी पर ही अंडरपास होने से किसान एवं आमजन को एक ओर से दूसरी ओर जाने में भारी परेशानी होगी। साथ ही सड़क के किनारे कोई उद्योग-धंधे भी विकसित नहीं हो सकेंगे, जिससे क्षेत्र की आर्थिक प्रगति बाधित होगी।जन जागृति यात्रा में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट, प्रदेश संगठन मंत्री गोवर्धन सिंह तेतरवाल, प्रदेश प्रवक्ता सुरेश बिजारणिया एवं नीमकाथाना किसान महापंचायत के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव विशेष रूप से शामिल रहेंगे।22 दिसंबर को यह यात्रा नीमकाथाना क्षेत्र के महावा, गणेश्वर, खादरा, गांवड़ी, हीरानगर, बासड़ी खुर्द, कला, झीराणा, बृसिंह का बास, मानपुरा व प्रीतमपुरी सहित कई गांवों से होकर निकलेगी। किसान महापंचायत ने आमजन से यात्रा में शामिल होकर अपने हक की लड़ाई को मजबूत करने की अपील की है।

## पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि का जन्मदिवस सेवा और समर्पण के रूप में मनाया

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेष महर्षी का जन्मदिवस इस वर्ष सेवा और समर्पण के भाव के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर जन्मदिवस आयोजन समिति राजलदेसर की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत युवा भारती स्टेडियम से रथ डीजे के साथ भव्य बाइक रैली को रवाना किया गया। यह रैली अभिनव बाल भारती, राजकीय चिकित्सालय, गांधी चौक, बस स्टैंड, छिम्पा बस्ती होते हुए मालासी बास स्थित श्रीनाथ नगर गौशाला पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों की ओर से रैली का स्वागत किया गया। बछिम्पा बस्ती में नूर अशरफी परिवार की ओर से पूर्व विधायक अभिनेष महर्षी का 11 किलो फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया और नाश्ते का आयोजन भी किया गया। रैली के गौशाला पहुंचने पर गौशाला समिति के सदस्यों ने सभी का स्वागत किया। गौशाला परिसर में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षी ने गाय माता की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात गायों को गुड़ व चार सवामणी लापसी का भोग अर्पित किया गया। आयोजन का उद्देश्य जन्मदिवस को सामाजिक सेवा और जनकल्याण से जोड़ना रहा। इस अवसर पर अभिनेष महर्षी जन्मदिवस आयोजन समिति, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता, गौशाला समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्तरीय सैनी माली सभा डूंडलोद में

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के डूंडलोद नगर पालिका में राष्ट्रीय सैनी सभा की राष्ट्रीय स्तरीय बैठक 21दिसंबर रविवार को सुबह 11:15 बजे सैनी पूरा शीतला चौक डूंडलोद में होगी। बैठक में सैनी माली समाज को अलग से 12' आरक्षण दिया जाए। सरकार की ओर से गठित महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड को देव नारायण बोर्ड की तर्ज पर वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारी व पदाधिकारी की नियुक्तिया तुरन्त प्रभाव से की जाएं। महात्मा फुले दंपति को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। भारतीय सेना में सैनी रेजिमेंट का गठन किया जाए। सैनी माली समाज के लोगो की सुरक्षा के लिए एससी एसटी अधिनियम की तर्ज पर विशेष क़ानून बनाया जाएं। समाज के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए महात्मा फुले फाउंडेशन का निर्माण किया जाए आदि मांगो पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## युनिसेफ व अर्पण संस्थान के तत्वावधान में टीकाकरण जागरूकता कार्यशाला

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर पंचायत समिति सभागार में नियमित टीकाकरण जीरो डोज पर शुक्रवार को आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। अर्पण सेवा संस्थान युनिसेफ की ब्लॉक समन्वयक रमा शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरसीएचओ डॉ. राजेश गुप्ता, एडिशनल सीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी, बीसीएमओ डॉ. शशांक चौधरी रहे। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि निरंकारी मिशन के शिव भगवान बजाज, अणुव्रत संकल्प श्रृंखला की रचना कोठारी, मदन गोपाल बालान, भाममो अध्यक्ष प्रभा, उषा सैनी, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, अमन ट्रस्ट के अध्यक्ष उस्मान अंसारी, पूर्व पार्षद जगदीश मेघवाल, युडब्लूआईएन समन्वयक मालसिंह चारण, डब्ल्यूएचओ ईएम मोहित, गजेन्द्र सिंह बीएचएस, पूर्व पार्षद अनीश खान, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार, श्रवण दान व पंकज दर्जी रहे। यूनिसेफ के सहयोग से नियमित टीकाकरण और जीरो डोज कार्यक्रम के तहत सभी समुदायों के प्रभावशाली व्यक्तियों की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर आरसीएचओ डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षा कवच के समान है। उन्होंने टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियां को दूर करने के लिए जन जागरण की आवश्यकता पर जोर दिया। एडिशनल सीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी ने बताया कि समय पर टीकाकरण न होने से बच्चे कई गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। बीसीएमओ डॉ. शशांक चौधरी ने समुदाय के प्रभावशाली व्यक्तियों से अपील करते हुए टीकाकरण के प्रति सर्व समाज में सकारात्मक माहौल बनाने में सहयोग करें ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल हो सके। युनिसेफ की प्रतिनिधि अर्पण सेवा संस्थान के जिला समन्वयक सुभाष निर्वाण ने जीरो डोज की परिभाषा और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन्म के समय किसी भी बच्चे को टीकाकरण से वंचित न रहने दें और इसके लिए प्रत्येक स्तर पर जागरूकता जरूरी है।


### कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र.सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ई बोली सूचना संख्या 31/2025-26 | Galvanized Weld mesh size 5 inch X 5 inch Gap, Height 1.5 Mtr, Wire Dia 2 mm 30771 कि.ग्रा | 21.16 लाख | FOR2526G LOB03876 |

ई बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्ते वेबसाईट www.Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप वन संरक्षक,
चूरू

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/10888 दिनांकः-19/12/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न पालिका मे अंकित आवेदक अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69 के भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावली के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अंदर मियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.स. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | विवरण. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री अकरम छींपा पुत्र श्री मोहम्मद इकबाल छींपा | वार्ड न. 16 | 59.29 वर्गमीटर | 69-क |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

### कार्यालय ग्राम पंचायत पारेवडा
#### पंचायत समिति बीदासर

दिनांक :- 16.12.2025

ग्राम पंचायत पारेवड़ा में वर्ष 2025 - 26 निम्नांकित विकास कार्यों हेतु ई - निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | पत्रांक / दिनांक | निविदा संख्या | NIB NO | UBN No | वि. वि. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अटल ज्ञान केन्द्र पारेवड़ा | 76-80/15.12.25 | 03 | ZCR2526A1101 | ZCR2526WSOB01870 | |
| 2 | ओपन जिम कार्य रा उ मा वि पारेवड़ा | 71-75/15.12.25 | 04 | ZCR2526A1105 | ZCR2526WSOB01876 | |
| 3 | ग्राम पंचायत पारेवड़ा के गावों में चार माह हेतु घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, सड़क, दूकानों के आगे सफाई व नालीयों की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 66-70/15.12.25 | 03 | ZCR2526A1103 | ZCR2526WSOB01874 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत पारेवड़ा

ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत पारेवड़ा'